● सीधी, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 107, पृष्ठ : 08, सीधी, शुक्रवार, 24 मई 2024 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र

दैनिक समाचार पत्र

हक की बात, बुलंदी के साथ

# विन्ध्य टाइगर



पीएम पद के लिए उम्मीदवार का चयन नतीजों के बाद 5

थम गया दिनेश कार्तिक का सफर 6



## सबका साथ सबका विकास है भाजपा की भावना : मोदी

### पटियाला में पीएम मोदी की रैली, इंडी गठबधंन पर जमकर फूटा प्रधानमंत्री का गुस्सा

**पटियाला।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पटियाला में वीरवार को हो रही पहली चुनावी रैली से राज्य में चुनाव प्रचार रफ्तार पकड़ेगा। प्रधानमंत्री पहली बार परनीत कौर के लिए पटियाला में रैली की।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को पंजाब में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि राज्य में नशे का कारोबार फल-फूल रहा है और सरकार कर्ज में डूबी है।

एक जून को लोकसभा चुनाव के सातवें चरण के लिए राज्य में अपनी पहली चुनावी रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि पंजाब ने कृषि से लेकर उद्योग तक विभिन्न क्षेत्रों में देश को नेतृत्व दिया है। इसके बाद उन्होंने आम आदमी पार्टी पर हमला बोलते हुए कहा कि उद्योग अब पंजाब छोड़ रहे हैं जबकि नशीली दवाओं का व्यापार बढ़ रहा है। पूरी सरकार कर्ज पर चल रही है।

मोदी ने आगे कहा कि यहां रेत, ड्रग माफिया और शूटर गैंग का राज होते हुए सरकारी हुकूमत नहीं चलती। पीएम ने कहा कि सभी मंत्री आनंद ले रहे हैं और कागजी सीएम हमेशा दिल्ली दरबार में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने में व्यस्त हैं। क्या ऐसे लोग पंजाब में विकास कर सकते हैं। उन्होंने दिल्ली में एक साथ और पंजाब में एक-दूसरे के खिलाफ लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए आप और कांग्रेस पर भी हमला किया। पंजाब प्रदेश अध्यक्ष सुनील जाखड़ भाजपा के पांच उम्मीदवारों ने मोदी का स्वागत किया। वहीं गोल्डन टेंपल का स्मृति चिन्ह मोदी को दिया गया। सुनील जाखड़ ने कहा कि पंजाब के कई मुद्दे हैं पंजाब की धरती को राज्य सरकार ने जहर से भर दिया।

पंजाब को मदद की जरूरत है आज पंजाब सशक्त लीडर को ढूंढ रहा है जो पंजाब की नसल और फसल दोनों को बचाने का काम करे। पंजाब का एक-एक दाना एमएसपी से खरीदा है परंतु कुछ लोग अपने आप को किसान बता राजनीतिक कर रहे हैं। पंजाब के अंदर लीडरशिप नहीं है लीडरशिप को मजाक बना रखा है। इस मौके पर पीएम मोदी ने जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मैं खुशकिस्मत हूं कि मुझे पटियाला से अपने चुनावी दौरे की शुरुआत करने का मौका मिला है। मैंने भाजपा कार्यकर्ता के रूप में पंजाब में बहुत समय बिताया। पीएम ने कहा कि पंजाब की सड़कों पर खूब घूमा हूं। पीएम ने कहा कि बारादरी गार्डन में सुबह-सुबह टहला और जोड़ियां भाटिया चौक में साथियों से पुरानी यादें और मैं देख रहा हूं। आज मुझे काफी पुराने पुराने साथियों के दर्शन करने का भी अवसर मिला है। पीएम ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेसी सत्ता के लिए किसी को भी धोखा दे सकते हैं। यही कांग्रेस है जिसने सत्ता के लिए देश का बंटवारा किया और बंटवारा भी ऐसा किया की 70 साल तक हमें करतारपुर दूरबीन से दर्शन करने पड़ते थे।

## बांग्लादेशी सांसद की हत्या अमेरिकी दोस्त ने कराई

**कोलकाता।** भारत में 8 दिन से लापता बांग्लादेश के सांसद अनवारुल अजीम अनार की बुधवार (22 मई) को कोलकाता के न्यू टाउन इलाके में मौत हो गई थी। पश्चिम बंगाल की सीआईडी इस मामले की जांच कर रही है।

न्यूज एजेंसी एएनआई की रिपोर्ट के मुताबिक, शुरुआती जांच में पता चला है कि यह प्री-प्लान मर्डर था। अनार के ही एक अमेरिकी दोस्त ने उन्हें मारने के लिए 5 करोड़ रुपए की सुपारी दी थी। आरोपी का कोलकाता में एक फ्लैट भी है। इससे पहले मामले में 3 बांग्लादेशियों को गिरफ्तार किया था। सीआईडी के आईजी अखिलेश चतुर्वेदी ने बताया कि सांसद का शव अब तक बरामद नहीं हुआ है। हालांकि, इससे पहले बुधवार को कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया था कि न्यू टाउन इलाके में एक शव के टुकड़े मिले थे। तब इस बात की आशंका जताई गई थी कि यह शव सांसद का हो सकता है।

## पिछड़ों के आरक्षण पर कांग्रेस डाल रही डाका : अमित शाह



**अंबेडकर नगर।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने यूपी के अंबेडकर नगर में एक सार्वजनिक बैठक को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर धर्म के आधार पर आरक्षण देने का आरोप लगाया। अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस पिछड़ों के आरक्षण पर डाका डालने का काम कर रही है। वह उनके हक को गलत तरीके से मुसलमानों को दे रही है। पीएम मोदी ही आपके हक की रक्षा करेंगे। पीएम मोदी ने कहा कि इंडी गठबंधन पिछड़ों के आरक्षण पर डाका डालने का काम करता है। कर्नाटक में बीजेपी गठबंधन ने मुसलमानों को पिछड़ों का 5त्न आरक्षण दिया है। हैदराबाद में उन्होंने मुसलमानों को 4त्न आरक्षण दिया है। पश्चिम बंगाल में मुस्लिमों को गलत तरीके से दिए गए ओबीसी आरक्षण पर कोर्ट ने रोक लगा दी है। हमारा संविधान धर्म के नाम पर आरक्षण का विरोध करता है। उन्होंने कहा कि मैं आपसे कहता हूं कि भाजपा का एक भी सांसद है, तब तक एससी, एसटी व ओबीसी के आरक्षण पर डाका हम डालने देंगे।

उन्होंने कहा कि देश को कोरोनोवायरस से कौन बचा सकता है? चंद्रमा पर चंद्रयान कौन भेज सकता है? करोड़ों गरीबों को गैस कनेक्शन कौन दे सकता है? 80 करोड़ लोगों को राशन कौन दे सकता है? 30 करोड़ से अधिक लोगों का 5 लाख रुपये तक का स्वास्थ्य खर्च कौन उठा सकता है? 14 करोड़ घरों में नल का पानी कौन पहुंचा सकता है? अगर मोदी सब कुछ कर सकते हैं तो आपको किसे पीएम बनाना चाहिए?

## बिभव ने थप्पड़ और लात मारी, मदद के लिए कोई नहीं आया : मालीवाल

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने अपने साथ हुई मारपीट के बाद पहली बार इंटरव्यू दिया है। उन्होंने गुरुवार को न्यूज एजेंसी एएनआई से बातचीत करते हुए कहा कि वे 13 मई को सुबह 9 बजे के करीब मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मिलने सीएम आवास गई थीं। वहां पर स्टाफ ने ड्राइंग रूम में बैठाया और कहा कि केजरीवाल घर पर हैं और मिलने आ रहे हैं। उसी समय बिभव कुमार वहां पर आते हैं और



मुझसे मारपीट करने लग जाते हैं। बिभव ने मुझे सात-आठ थप्पड़ मारे। जब मैंने उन्हें धक्का देने की कोशिश की तो उन्होंने मेरा पैर पकड़ लिया। मुझे नीचे घसीट दिया। मालीवाल ने आगे कहा कि मेरा सिर सेंट्रल टेबल से टकरा गया। मैं नीचे गिरी। फिर उन्होंने मुझे लातों से मारना शुरू किया। मैं बहुत जोर चिल्लाई, लेकिन कोई मदद के लिए नहीं आया।

मालीवाल ने आरोप लगाया है कि 13 मई को केजरीवाल के पीए बिभव कुमार ने उनके साथ मारपीट की है। पुलिस ने मामले में 16 मई को एफआईआर दर्ज कर बिभव कुमार को अरेस्ट कर लिया है। फिलहाल वो पांच दिन की पुलिस कस्टडी में हैं।

## केजरीवाल बोले- बीजेपी में एकजुटता नहीं

**नई दिल्ली।** अरविंद केजरीवाल का कहना है कि इस बार लोकसभा चुनाव में मोदी सरकार की हार होगी। उन्होंने हिंदुस्तान टाइम्स को दिए इंटरव्यू में इसकी वजह बताई है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार एकजुट नहीं है। उन्होंने कांग्रेस के साथ अपनी दोस्ती के बारे में भी बात की। साथ ही पत्नी सुनीता केजरीवाल की राजनीतिक भूमिका पर सफाई दी। केजरीवाल ने कहा, भाजपा चाहती है कि मैं इस्तीफा दे दूं। मुझे जेल में डाला गया। यह सब मुझे सीएम पद छोड़ने के लिए मजबूर करने की साजिश है।

## केमिकल फैक्ट्री में बॉयलर फटा, 6 की मौत, 56 घायल

**मुंबई।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले के डोंबिवली में गुरुवार को एक केमिकल फैक्ट्री में बॉयलर फटने से आग लग गई। हादसे में 6 की मौत हो गई और 56 लोग घायल हो गए। यह कंपनी एमआईडीसी के फेज टू में स्थित है।

स्थानीय लोगों ने बताया कि छोटे-छोटे लगातार तीन धमाके हुए। ये इतने तेज थे कि लगभग 3 किमी तक सुनाई दिए। आसपास की इमारतों के शीशों में दरारें आ गईं। वहीं, विस्फोट की वजह से आसपास के कई घर क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे की वजह अभी साफ नहीं हो पाई है।

डोंबिवली आग की घटना पर



महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने ट्वीट किया। उन्होंने कहा कि डोंबिवली की केमिकल कंपनी में बॉयलर विस्फोट की घटना दुखद है। मामले में 8 लोगों को निलंबित कर दिया गया है। उन्होंने आगे कहा कि घायलों के इलाज की व्यवस्था की गई। कई एम्बुलेंस तैयार रखी गईं। मैंने कलेक्टर से चर्चा की है और वह भी 10 मिनट के भीतर मौके पर पहुंचें।एनडीआरएफ, टीडीआरएफ और फायर ब्रिगेड की टीमों को भी बुलाया गया। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के बेटे श्रीकांत शिंदे भी घटना स्थल पर पहुंचे। उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा कि हम घायलों का इलाज करवा रहे हैं। ऐसी घटनाएं हो रोकने के लिए हम अगले 6 महीने में केमिकल फैक्ट्रियों को रहवासी इलाके से बाहर शिफ्ट करेंगे। महाराष्ट्र के उद्योग मंत्री उदय सामंत ने कहा कि फैक्ट्री काफी महीनों से बंद पड़ी थी। कुछ दिन पहले ही इसे शुरू किया गया था।

## छठे चरण का प्रचार खत्म; ईसी बोला- 5वें चरण में 62.2 फीसदी वोटिंग हुई

**नई दिल्ली।** इससे पहले चुनाव आयोग ने गुरुवार 23 मई को बताया कि लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण (20 मई) में 62.2% वोटिंग हुई। इसमें 61.48% पुरुषों ने तो 63% महिलाओं ने वोट दिया। पांचवें चरण में 49 सीटों पर कुल 8.95 करोड़ वोटर थे, जिनमें 4.69 करोड़ पुरुष और 4.26 करोड़ महिलाएं थीं। चुनाव आयोग के मुताबिक, बिहार, झारखंड, लद्दाख, ओडिशा और उत्तर प्रदेश में पुरुषों की तुलना में महिलाओं का वोटिंग प्रतिशत ज्यादा रहा।

## पूर्व पीएम देवगौड़ा ने पोते प्रज्वल को चेतावनी दी

**बेंगलुरु।** पूर्व पीएम और जेडीएस प्रमुख एचडी देवेगौड़ा ने गुरुवार को अपने पोते और सेक्स स्कैंडल में आरोपी प्रज्वल रेवन्ना को चेतावनी दी है कि वे भारत लौट आएं और जांच का सामना करें। उन्होंने यह दावा भी किया इस मामले की जांच में उनके और उनके परिवार की तरफ से कोई दखलंदाजी नहीं की जाएगी।

उन्होंने कहा कि अगर उनके पोते को दोषी पाया जाता है, तो उसे सख्त से सख्त सजा दी जाए। इस मौके पर मैं सिर्फ एक चीज कर सकता हूं कि प्रज्वल को सख्त चेतावनी देकर वापस आने के लिए और पुलिस को सरेंडर करने के लिए कहूं। उसे खुद को कानूनी प्रक्रिया के हवाले कर देना चाहिए।

गौड़ा ने कहा कि मैं प्रज्वल से रिक्वेस्ट नहीं कर रहा हूं, बल्कि उसे चेतावनी दे रहा हूं। अगर वह इस चेतावनी को नहीं मानता है तो उसे मेरा और पूरे परिवार का गुस्सा झेलना पड़ेगा। उसके खिलाफ लगे आरोपों को तो कानून देखेगा, लेकिन अगर वह परिवार की बात नहीं सुनेगा तो हम उसे अकेला छोड़ देंगे। अगर मेरे लिए उसके मन में थोड़ी भी इज्जत बाकी है, तो उसे तुरंत लौट आना चाहिए।

## राजस्थान में 48.8 डिग्री सेल्सियस टेम्परेचर, पांच की मौत

**नई दिल्ली।** उत्तर भारत भीषण गर्मी की चपेट में है। गुरुवार (22 मई) को देश में सबसे गर्म शहर राजस्थान का बाड़मेर रहा। यहां अधिकतम तापमान 48.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग ने राजस्थान, पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में चार दिन के लिए हीटवेव का रेड अलर्ट जारी किया है। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, गुजरात, मध्य प्रदेश, दिल्ली और महाराष्ट्र में भी लू का अलर्ट है।



राजस्थान में आने वाले दिनों में तापमान 50 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। राज्य के 19 शहरों में बुधवार को तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के पार रिकॉर्ड किया गया था। जैसलमेर से सटी भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर टेम्परेचर 53 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया।

राजस्थान में हीटवेव से चार लोगों की मौत हो गई। जालोर में एक महिला घर में काम करने के दौरान बेहोश हो गई। उसे अस्पताल लेकर गए, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। जालोर में ही हीटवेव से दो बुजुर्गों की मौत हो गई। दोनों रेलवे स्टेशन के पास अचेत अवस्था में मिले थे। इनमें से एक बुजुर्ग गुजरात के डीसा का रहने वाला था। जिले के आहोर के रहने वाले 30 साल के युवक की भी लू से मौत हो गई। बालोतरा जिले की निर्माणाधीन रिफाइनरी में काम के दौरान मजदूर की तबीयत बिगड़ गई। अचेत अवस्था में उसे हॉस्पिटल लेकर गए, जहां उसने दम तोड़ दिया। गुजरात के अहमदाबाद और गांधीनगर में आज और कल (23-24 मई) तापमान को लेकर रेड अलर्ट घोषित किया गया है। मौसम विभाग के मुताबिक, रात 10 बजे भी टेम्परेचर 40 डिग्री रहेगा। चार दिन बाद तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस की कमी आएगी।

वहीं, केरल में भारी बारिश के चलते 4 मौत हो चुकी हैं।

## चुनावी डेटा पर राजनीति तेज, कपिल सिब्बल ने ईसी से पूछा सवाल

**नई दिल्ली।** देश में लोकसभा चुनावों के पांचवें चरण के मतदान पूरे हो गए हैं। वहीं, बाकी बचे दो चुनावों के लिए तैयारियां जोरों पर हैं। इस बीच, चुनाव आयोग विपक्ष के निशाने पर आ गया है। निर्वाचन आयोग पर मतदान के आंकड़ों को देरी से जारी करने के आरोप लगातार लग रहे हैं। वरिष्ठ वकील और राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने गुरुवार को चुनाव आयोग के आंकड़े जारी करने के हिचकिचाहट पर सवाल उठाया।

सिब्बल ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट में एक हलफनाना दायर कर बताया कि फॉर्म 17 अपलोड करने का कोई कानूनी प्रावधान नहीं है। उन्होंने इस पर सवाल करते हुए कहा कि फॉर्म 17 को ईसी अपने वेबसाइट पर क्यों नहीं डालता? इसकी डेटा को सामने रखने में आयोग को क्या समस्या है? उन्होंने आगे कहा कि हम नहीं जानते हैं कि क्या सही है और क्या गलत है। मालूम हो कि सिब्बल का यह बयान आयोग द्वारा बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में दायर किए गए एक हलफनामा के बाद आया है, जिसमें कहा गया है कि फॉर्म 17सी के आधार पर मतदाता मतदान डेटा को खोने से मतदाताओं में भ्रम पैदा होगा क्योंकि इसमें डाक मतपत्र की गिनती भी शामिल होगी।

## झरोखा




## दिल्ली के लेडी श्रीराम कॉलेज में ब्लास्ट की धमकी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के स्कूलों, अस्पतालों, एयरपोर्ट के बाद अब दिल्ली यूनिवर्सिटी के लेडी श्रीराम कॉलेज को भी बम से उड़ाने की धमकी मिली है। दिल्ली फायर सर्विस के मुताबिक, सीएए के लेडी श्रीराम कॉलेज को बम से उड़ाने को लेकर कॉल आई है। इसके बाद मौके पर दमकल की दो गाड़ियां भेजी गईं।

दिल्ली पुलिस, बम स्क्वॉड की टीम को भी एक्टिव किया गया। हालांकि, जांच के बाद कोई भी संदिग्ध चीज नहीं मिला है। इस महीने एक मई से यानी 23 दिन में बम धमकी की ये सातवीं घटना है। इससे एक दिन पहले बुधवार को गृह मंत्रालय को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी।

इसी महीने की शुरुआत में दिल्ली-एनसीआर के करीब 100 से ज्यादा स्कूलों को ऐसी ही धमकी वाला ईमेल मिला था। 8 दिन पहले भी दिल्ली के 7 बड़े अस्पतालों और देश के सबसे सुरक्षित जेल तहाड़ को भी बम से उड़ाने वाले मेल भेजे गए थे। इसके पहले 10 से ज्यादा एसरपोर्ट को भी ऐसी धमकी मिल चुकी है।

1 मई को दिल्ली-एनसीआर के 100 से ज्यादा स्कूलों में बम रखे होने का ई-मेल भेजा गया था। बाद में पुलिस ने इस सूचना को फर्जी बताया था। इससे पहले रविवार (12 मई) को दिल्ली एयरपोर्ट, 20 अस्पताल और उत्तर रेलवे के चीफ पब्लिक रिलेशन अफसर के ऑफिस को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। वहीं, 30 अप्रैल को दिल्ली के चाचा नेहरू अस्पताल को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी।

## दलितों-पिछड़ों की विरोधी है कांग्रेस : शिवराज

**नई दिल्ली।** सिस्टम को पिछड़ी जातियों के खिलाफ बताकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने तो मोदी सरकार को घेरने की कोशिश की, लेकिन भाजपा अब उन्हीं के हथियार से पलटवार कर रही है। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि भाजपा हमेशा कहती थी कि कांग्रेस गरीब, दलित, आदिवासी और पिछड़ों की विरोधी है, अब इसे स्वयं राहुल गांधी ने स्वीकार कर लिया है।

शिवराज ने पश्चिम बंगाल में अल्पसंख्यकों को दिए गए ओबीसी आरक्षण को रद्द किए जाने के कलकत्ता हाईकोर्ट के निर्णय को भी हमले का आधार बनाया और कहा कि तुष्टिकरण ही कांग्रेस और टीएमसी जैसी पार्टियों का खुराक-पानी है, इसके बिना यह पार्टियां एक दिन भी नहीं चल सकतीं।

नई दिल्ली में पत्रकारों से बातचीत में शिवराज सिंह चौहान ने कहा, कल (बुधवार को) राहुल गांधी ने बड़ा सच स्वीकार किया है। स्वयं कहा कि पूरा सिस्टम लोअर कास्ट के खिलाफ है। मैं अंदर रहकर सिस्टम को देख चुका हूं। मतलब पंडित जवाहर लाल नेहरू, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी और बाद में मनमोहन सिंह के सिस्टम को राहुल गांधी ने अंदर रहकर देखा है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस कब तक गरीबों और पिछड़ा वर्ग के खिलाफ अन्याय करेगी? कांग्रेस ने जो किया, वह किसी से छिपा नहीं है। 40 साल तक पिछड़ा वर्ग आयोग को सांविधानिक मान्यता नहीं दी। यह काम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया। कांग्रेस ने तो हमेशा



इन वर्गों के हक पर डाका डाला। आंध्र प्रदेश और कर्नाटक जैसे राज्यों में ओबीसी का हक मारकर अल्पसंख्यकों को आरक्षण देने का पाप किया। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय और जामिया मिलिया इस्लामिया में भी ओबीसी, दलित का आरक्षण खत्म करने का पाप किया।

शिवराज सिंह ने दावा किया कि बाबा साहेब डा. भीमराव आंबेडकर ने कांग्रेस का कदम-कदम पर विरोध किया। उन्हें चुनाव हराने के लिए रोड़े अटकाए। इसके अलावा पंडित जवाहरलाल नेहरू और इंदिरा गांधी को तो जीवित रहते ही भारत रत्न मिल गया था, लेकिन बाबा साहेब को भारत रत्न तब मिला, जब भाजपा के समर्थन से केंद्र में सरकार बनी।

बंगाल की ममता बनर्जी सरकार को घेरते हुए शिवराज ने प्रश्न खड़ा करते हुए कहा कि सिर्फ अपने वोटबैंक को बनाए रखने के लिए ओबीसी का आरक्षण छीनकर एक विशेष धर्म के लोगों को देना क्या न्यायसंगत है? पश्चिम बंगाल में ममता की वोटबैंक की राजनीति पर हाईकोर्ट ने तमाचा मारा है। कलकत्ता हाईकोर्ट ने 2010 के बाद से अल्पसंख्यकों को जो ओबीसी प्रमाण पत्र जारी किए थे, वह रद्द करने का निर्णय सुनाया है।

सत्ता संभालते ही ममता ने बांग्लादेशियों और रोहिंग्याओं के ओबीसी प्रमाण पत्र बना दिए थे। 118 जातियों को ओबीसी श्रेणी में बिना किसी नियम का पालन करते हुए डाल दिया। इसे हाईकोर्ट ने असांविधानिक बताते हुए रद्द करने का निर्णय सुनाया है। भाजपा ने वरिष्ठ नेता ने कहा कि ममता बनर्जी की कलई खुल गई है, लेकिन तुष्टिकरण पर उतारू ममता निर्णय को मानने की बजाए कह रही हैं कि मैं इसे नहीं मानती। क्या वह संविधान के ऊपर हैं? यह अहंकार और अराजकता की पराकाष्ठा है।

उन्होंने कहा कि धर्म के आधार पर आरक्षण देने वाले को सीएम के पद पर एक दिन भी रहने का अधिकार नहीं है। देश की जनता भी सच देख रही है। कांग्रेस और आईएनडीआईए की तुष्टिकरण की नीति सामने आ चुकी है।

# चालीस करोड़ की सड़क गुणवत्ताहीन, ठेकेदार तथा अधिकारियो की साठगाठ से शासकीय राशि का हो रहा बंदर बाट

## अमान मटेरियल से किया जा रहा निर्माण, चर्चाओं मे है रवी शंकर जयसवाल एन्ड कंपनी

**पन्ना**। मध्य प्रदेश के पन्ना जिले में केन्द्रीय सड़क निधि योजना अंतर्गत लगभग चालीस करोड़ की लागत से नेशन हाईवे-39 से सकरिया-गुनौर-डिघौरा होते हुए नेशनल हाईवे 943 तक निर्माणाधीन मार्ग में बड़े पैमाने पर लीपापोती की जा रही है। लगभग 29 किलोमीटर बनाये जा रहे उक्त सडक मार्ग व्याप्क स्तर पर घटिया निर्माण कर शासकीय राशि का बंदर बाट करने की योजना तैयार की गई है। लोक निर्माण संभाग पन्ना के तकनीकी अधिकारियों और ठेकेदार के बीच सांठगांठ के चलते सड़क निर्माण में गुणवत्ता के मानकों की धज्जियां उड़ाते हुए अर्थवर्क से लेकर सीआरएम तक परत दर परत बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। सीआरएम की परत में निर्धारित मापदंड अनुसार मिक्स मटेरियल न डालकर खदानों का ओवर वर्डन (अनुपयोगी सामग्री) बिछाकर तुरंत रोलर चलवा दिया जाता है। सड़क की गुणवत्ता से समझौते का यह खेल बड़ी ही चालकी के साथ






रात के अंधेरे में खेला जा रहा है, ताकि सीआरएम में की जाने वाली चोरी का किसी को पता न चल सके। पत्रकारो के पास मौजूद वीडियो सड़क निर्माण में चल रही धांधली की पोल खोल रहे हैं। विधानसभा चुनाव के समय सत्ताधारी दल भारतीय जनता पार्टी की ओर से डबल इंजन की सरकार में विकास की रफ्तार बढ़ने के बड़े-बड़े दावे किए गए थे। मगर, अभी तक विकास की गति में कोई ख़ास अंतर तो नहीं आया, इसके उलट सूबे में भ्रष्टाचार अवश्य ही नित नए रिकार्ड बना रहा है। 'शिव राज' की तर्ज पर डॉ. मोहन यादव की सरकार में भी अफसरशाही और भ्रष्टाचार चौतरफा हावी है। प्रशासनिक व्यवस्था में बड़े ओहदों पर बैठे अफसर सिर्फ उन्हीं मामलों को संज्ञान ले रहे हैं जिनमें सरकार की तरफ से उन्हें निर्देश मिलते हैं। आमजन की ओर से सौंपे जाने वाले आवेदन तथा मीडिया के द्वारा उठाए जाने वाले जनहित से जुड़े मुद्दों पर अफसरों को अब अपनी जिम्मेदारी का बिल्कुल भी एहसास नहीं होता। निराशा और उदासीनता से भरे इस माहौल में अराजकता को बढ़ावा मिल रहा है। 'मोहन राज' में सूबे के भ्रष्ट अफसर कितने बेख़ौड़ है इसका सहज अंदाजा पन्ना जिले में केन्द्रीय सड़क निधि योजना अन्तर्गत कराये जा रहे उक्त कार्य मे देखा जा सकता है। 29 किलोमीटर लंबी और लगभग चालीस करोड़ की लागत वाली इस सड़क का निर्माण कार्य ठेकेदार रविशंकर जायसवाल जबलपुर के द्वारा कराया जा रहा है। मालूम हो कि, 29 किलोमीटर लम्बाई वाले सकरिया-डिघौरा मार्ग में अभी तक विभिन्न प्रक्रार की 41 नग पुलियों का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। इनमें एक पाइप वाली पुलिया (सिंगल-रो पाइप कल्वर्ट) 22, दो पाइप वाली पुलिया (डबल-रो पाइप कल्वर्ट) 16 और बॉक्स कल्वर्ट-3 नग शामिल हैं। नवनिर्मित पुलियों का हाल यह है कि उनकी फेसबॉल का कंक्रीट हाथ लगाने भर से उखड़ रहा है। गत दिनों पत्रकारो की टीम ने निर्माणाधीन सड़क का अवलोकन किया था। इस दौरान सड़क के साथ-साथ पुलियों के निर्माण में भी गंभीर अनियमितताएं देखने को मिलीं। अधिकांश पुलियों का निर्माण मापदंड अनुसार नहीं कराया गया। पुलियों में डाले गए कंक्रीट में रेत की जगह क्रेशर डस्ट का बड़ी मात्रा में उपयोग किया जा रहा है।

भीषण गर्मी में पुलियों का निर्माण करने के बाद नियमित तौर पर अच्छी तरह से उनकी तराई नहीं की जा रही है। बॉक्स कल्वर्ट में अच्छी क्वॉलिटी का सरिया निर्धारित मापदंड अनुसार नहीं डाला गया। पुलियों की फेसबॉल की नींव में कंक्रीट मटेरियल की जगह बड़े-बड़े पत्थर भरे हैं।

## लोक स्वास्थ यांत्रकीय विभाग तथा जल निगम के जिम्मेवार उदासीन

# पीने के पानी के लिए परेशान है जिले के लोग

**पन्ना**। जिले मे लगातार जल संकट बढता जा रहा है। उसके बावजूद जिले के जिम्मेवार अधिकारीयो द्वारा पूर्व से कोई इन्तजाम नही किये है तथा पेयजल के जो भी श्रोत है वह बंद पडें हुए है तथा लगातार खराब भी हो रहे है, गांव गांव मे पानी को लेकर त्राही त्राही मची हुई है। हैन्ड पंपो मे सुधार कार्य नही हो रहे है, नल जल योजनाए कागजो मे संचालित हो रही है। जबकी पेयजल श्रोत बनाने के लिए विभागो द्वारा करोडो की राशि का भ्रष्टाचार किया जा चुका है। लोक स्वास्थ यांत्रीकीय विभाग मे कार्यपालन यंत्री के पद पर पांच वर्ष से पदस्थ महेन्द्र सिंह की मनमानी लगातार चल रही है। अनेक ग्रामो मे नल जल योजनाओं के लिए राशि खर्च की गई लेकिन उक्त नल जल योजना संचालित नही है। सिर्फ कागजो मे संचालित दिखाई जा रही है। महेन्द्र सिंह से लोगो द्वारा शिकायते के करने के बावजूद कोई कार्यवाही भी नही की जाती है। इसके अलावा बेहरत पेयजल उपलब्ध कराने के लिए केन्द्र सरकार द्वारा हर घर नल से पानी देने की योजना तैयार की गई थी तथा गांव गांव मे पाईप लाईन



डालने का प्लान है, टंकियो के माध्यम से पाईप लाईन के तहत जल निगम का अलग से विभाग खोला गया है, लेकिन उसके बावजूद जिले मे लोग पीने के पानी के लिए परेशान है। सबसे बुरी स्थिती आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र की है जहां पर लोग बूंद बूंद पीने के पानी के लिए परेशान हो रहे है। स्थानीय लोगो द्वारा बताया जाता है कि हैन्ड पंप भी खराब है नल जल योजनाए बंद पडी हुई है। बताया कि जल निगम के माध्यम से टंकी बनाई गई है तथा घर घर पानी देने के लिए पाईप लाईन डाली गई थी। लेकिन उक्त टंकी से पानी ही नही सप्लाई हो रहा है। दो चार दिन मे कभी कभार थोडी बहुत पानी सप्लाई किया जाता है। स्थानीय लोगो ने जिला कलेक्टर से कल्दा क्षेत्र मे पेयजल व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है।

## नवनियुक्त पटवारियों को दिया जा रहा प्रशिक्षण

**पन्ना**। कर्मचारी चयन मंडल द्वारा पन्ना जिले के लिए चयनित 50 नवनियुक्त पटवारियों का पुरानी तहसील परिसर में प्रशिक्षण संचालित किया जा रहा है। चार माह के प्रशिक्षण की शुरूआत गत 7 मार्च से हुई है। इस दौरान प्रशिक्षकों द्वारा चयनित पटवारियों को भू-राजस्व संहिता सहित दायित्वों से संबंधित अन्य विषयों का सैद्धांतिक व व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

## स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय में कौशल विकास कार्यक्रम का आयोजन



**पन्ना**। श्रीराम शिक्षा प्रसार एवं ग्रामीण विकास समाजोत्थान समिति पन्ना द्वारा संचालित स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय जनकपुर पन्ना एवं स्वामी विवेकानंद आवासीय दिव्यांग संस्थान जनकपुर पन्ना के समेकित तत्वधान में महाविद्यालय में कौशल विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे महाविद्यालय के शिक्षक व छात्र एवं विद्यालय के शिक्षको की उपस्थिति में शैक्षणिक गतिविधि हेतु शिक्षण सहायक सामग्री दृष्टिबाधित एवं श्रवणबाधित दिव्यांग छात्र छात्राओं के ध्यान में रखते हुए निर्माण कार्य शिक्षको एवं छात्रों द्वारा स्पर्शीय चित्र, मॉडल, फ्लैश कार्ड, एवं स्टोरी कार्ड, राखी, भौगोलिक चित्र, आदि के मॉडल बनाते हुए कौशल विकास कार्यक्रम में सहभागिता की। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य आलोक कुमार, देवेंद्र कुमार, बादल बढ़ोलिया, अशीष सोनी, लालता प्रसाद, स्वाती चौहान, रूपेन्द्र पटेल, चंद्र शेखर कोल, पुष्पेन्द्र सिंह, परबीन बनो, रामा सर बसंत सर आदि स्टाफ एवं छात्रगण उपस्थित रहे।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सको के अभाव में हो रही मौते: आशीष बागरी

### एक डॉक्टर के भरोसे चल रहा स्वास्थ केन्द्र आधा दर्जन पद खाली

**पन्ना**

मध्य प्रदेश के पन्ना जिला के गुनौर विधानसभा क्षेत्र के देवेंद्र नगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की हालत यह है कि यहां पर तीन विशेषज्ञ डॉक्टर के पद स्वीकृत हैं ,इसके साथ ही चार मेडिकल ऑफिसर के पद स्वीकृत हैं। मगर यहां पर एक मात्र चिकित्सक अभिषेक जैन की पदस्थापना है। जो की मुख्य चिकित्सा खंड अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं। जिनके कंधों में पूरे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्थाएं निर्भर करती हैं। एक चिकित्सक 24 घंटे मरीज को कैसे सेवाएं दे सकता है यह विचारणीय है। अनुसूचित



जाति के लिए आरक्षित विधानसभा क्षेत्र गुनौर के देवेंद्र नगर निवासी कांग्रेस नेता आशीष बागरी ने कहा कि मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार में स्वास्थ्य व्यवस्थाएं पूरी तरह से लड़खड़ाई हुई है। मगर चुने हुए जन प्रतिनिधियों लेकर कोई भी जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहा है। कांग्रेस नेता श्री बागरी ने कहा कि जब चिकित्सक ही नहीं होंगे तब मरीजों को समय पर बेहतर उपचार कैसे मिल सकता है। भले ही भाजपा की सरकार गांव-गांव डिंडोरा पीट रही हो कि वह स्वास्थ्य व्यवस्थाएं बेहतर बनाए हुए हैं यह सिर्फ उनकी कोरी घोषणाएं हैं। जमीनी स्तर पर गरीब और मध्यमवर्गीय परिवार को ना तो उच्च शिक्षा अच्छी मिल पा रही है और ना ही उन्हें समय पर उपचार व्यवस्थाएं उपलब्ध हो रही हैं। जिससे गरीब और मध्यम वर्गीय परिवार खासा परेशान है। उन्होंने कहा कि देवेंद्र नगर कस्बे में अभी तक सैकड़ो लोग उपचार के अभाव में दम तोड़ चुके हैं, मगर उनकी कोई सुनने वाला नहीं है। कांग्रेस नेता आशीष बागरी ने जिला प्रशासन से आग्रह किया है कि पन्ना जिले के देवेंद्र नगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तथा सलेहा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने हेतु रिक्त पड़े चिकित्सकों की शीघ्र पदस्थापना की जाए । ताकि गुनौर विधानसभा क्षेत्र के लोगों को समय पर उपचार सुविधा उपलब्ध हो सके।

## जगदीशपुरा मे बिक रही अवैध शराब

**पन्ना**। जिले के पवई थाना अन्तर्गत ग्राम जगदीशपुरा में लगातार अवैध शराब की विक्री हो रही है। स्थानीय लोगो ने बताया कि ठेकेदार के लोग मोटर साईकिलो पर शराब की बोरिया ला कर गांव मे अरविन्द सिंह नामक व्यक्ति के माध्यम से सरेआम शराब की विक्री करवा रहे है। जिससे गांव मे आये दिन विवाद होते है। पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही नही की जा रही है, इस संबंध में ग्रामीणो द्वारा बताया जाता है कि पूर्व मे भी पुलिस को सूचना दी गई थी। उसके बावजूद अवैध शराब विक्री पर रोक नही लग रही है। ग्रामीणो का कहना है कि शराब विक्री को लेकर क्षेत्रीय विधायक को भी भ्रमण के दौरान आवेदन दिया गया



था। लेकिन उसके बावजूद अवैध शराब विक्री करने वालो के खिलाफ कोई कार्यवाही नही हो रही है। बताया जाता है कि पवई थाना के बीट प्रभारी का अवैध शराब विक्रय करने वालो का संरक्षण प्राप्त है। स्थानीय लोगो ने पुलिस अधीक्षक से अवैध शराब के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की है।

# मतगणना दल का हुआ प्रशिक्षण

**पन्ना**। लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत खजुराहो संसदीय क्षेत्र की विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र पन्ना, पवई एवं गुनौर की मतगणना आगामी 4 जून को सुबह 8 बजे से जिला मुख्यालय पर शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना में होगी। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतगणना प्रक्रिया निर्विघ्न एवं सुचारू रूप से संचालित कराने के उद्देश्य से आज मतगणना दल का प्रथम प्रशिक्षण हुआ। छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पन्ना में संपन्न हुए प्रशिक्षण के दौरान मतगणनाकर्मियों को गणना की



बारीकियों के बारे में अवगत कराया गया। साथ ही इस दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में भी जानकारी दी गई।

राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर आनंद चौरसिया सहित अन्य मास्टर ट्रेनर्स ने अलग-अलग कक्ष में गणना पर्यवेक्षक, सहायक एवं माइक्रो ऑब्जर्वर को प्रशिक्षण प्रदान किया। बताया गया कि सबसे पहले डाक मतपत्रों की गणना शुरू होगी। इसके लिए अलग से मतगणना टीम तैनात रहेगी। प्रशिक्षण में इनकोर पोर्टल पर ऑनलाइन दर्ज की जाने वाली जानकारी, चक्रवार परिणाम, डाक मतपत्र व ईव्हीएम की गणना, व्हीव्हीपीएटी की पर्चियों की गणना, मतगणना संबंधी सामान्य निर्देश और मतगणना प्रक्रिया आदि के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही मतगणना कार्मिकों से प्रशिक्षण में बताई गई बातों का ध्यान रखने तथा किसी तरह की शंका होने पर मास्टर्स ट्रेनर्स से समाधान प्राप्त करने के निर्देश भी दिए गए।

## कांग्रेस ने मनाई पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्य तिथि

**पन्ना**। कम्प्यूटर क्रान्ती के जनक पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्य तिथि पूरे देश मे मनाई गई तथा उन्हे सम्मान के साथ याद किया गया। कांग्रेस पार्टी के द्वारा सभी जिला तथा ब्लाक मुख्यालयो मे पुण्य तिथि मनाई गई। इसी कडी में पन्ना जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवजीत सिंह भईया राजा के निवास पर सभी कांग्रेस जन एकत्रित हुए तथा उनके चित्र पर माल्यपर्ण करते हुए नमन किया। तथा श्री गांधी द्वारा संचार क्रांन्ती सहित देश के विकास मे किये गये कार्यो को याद करते हुए कहा कि आज जो हम कम्प्यूटर, मोबाईल तथा संचार क्रांति का



उपयोग कर रहे है यह उन्ही के देन है उन्होने देश के लिए अपनी कुर्वानी दी है। इस दौरान अनेक लोग उपस्थित रहे। जिसमे मुख्य रूप से कार्यकारणी अध्यक्ष अनीश खान, ब्लाक अध्यक्ष अक्षय तिवारी, जगतपाल सिंह, पिछडा वर्ग अध्यक्ष राजबहादुर पटेल, भुपेन्द्र सिंह परमार, सरदार सिंह यादव सहित अनेक कार्यकर्ता शामिल रहें।

# पशुओं को लू से बचाव के संबंध में सलाह

**पन्ना**। पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा ग्रीष्म ऋतु में पशुओं को लू से बचाव के संबंध में जिले के पशुपालकों और गौशाला संचालकों से जरूरी उपाय अपनाने की अपील की गई है। बताया गया है कि सूरज की तेज गर्मी के कारण गर्म हवाएं चलने से पशुओं को लू लगने और बीमार होने की संभावना अधिक बनी रहती है। गर्मी के मौसम में बढ़ते तापमान से जानवरों को लू लगने की संभावना रहती है। शरीर में पानी की कमी भी हो जाती है, जिससे पशुओं को तेज बुखार होने के कारण नाक से श्राव का बहाव, आंखों से आंसू गिरना, तेज सांस लेना तथा सुस्त होकर खाना पानी बंद करने जैसे लक्षण दिखते हैं।

विभाग के उप संचालक डा. डी.पी. तिवारी ने बताया कि पशुओं को सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक खुला नहीं रखना चाहिए, बल्कि गौशाला व ठण्डे एवं छायादार आवास में रखकर गौशाला व पशुओं के आवास की नियमित साफ-सफाई करना चाहिए। गौशालाओं में विद्युत व्यवस्था भी दुरूस्त रखना जरूरी है, जिससे इलेक्ट्रिक दुर्घटनाएं न हो सकें। गर्म दिनों में दिन में ठंडे पानी से नहलाने के साथ ही ठंडा एवं स्वच्छ पानी पर्याप्त मात्रा में पिलाने के अलावा पशुओं को ठोस आहार न देकर तरलयुक्त नरम आहार खिलाना चाहिए। पशुओं के लू लगने एवं बीमार होने पर तत्काल निकट के पशु चिकित्सालय में पशु चिकित्सक से संपर्क कर तत्काल उपचार कराना चाहिए।

## वेतन देयक समय पर करें जनरेट

**पन्ना**। जिला कोषालय अधिकारी गौरव गुप्ता ने जिले के सभी आहरण-संवितरण अधिकारियों से शासकीय सेवकों के मई माह का वेतन देयक समय पर अविलंब जनरेट करने का अनुरोध किया है, जिससे एक जून को शत प्रतिशत अधिकारी-कर्मचारियों को वेतन का भुगतान किया जा सके। समय पर वेतन जनरेट न करने पर माह की प्रथम तारीख को वेतन दिया जाना संभव नहीं होगा।

# साइटिस प्रजाति के जीवित प्राणी का पोर्टल पर पंजीयन अनिवार्य

**पन्ना**

भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा 28 फरवरी 2024 को जीवित प्राणी प्रजातियां (रिपोर्टिंग और रजिस्ट्रीकरण) नियम 2024 के संबंध में अधिसूचना जारी की गई है, जिसके तहत वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 एवं संशोधित अधिनियम 2022 अंतर्गत साइटिस प्रजातियों (जंगली जीवों एवं वनस्पतियों की लुप्त प्रजातियां) को अनुसूची चार में जोड़कर इनका पंजीयन अनिवार्य किया गया है। अधिसूचना में साइटिस प्रजातियों के रजिस्ट्रेशन, जन्म-मृत्यु की जानकारी संधारण, स्वामित्व हस्तांतरण, व्यापार व अन्य संबंधित कार्यवाही के संबंध में उल्लेख किया गया है।

इस संबंध में बताया गया है कि अधिसूचना में जीवित प्राणी प्रजातियों के रजिस्ट्रेशन की समय-सीमा आगामी 31 अगस्त तक निर्धारित की गई है। इसके लिए विकसित किए गए परिवेश 2.0 पोर्टल पर आवेदक एक हजार रूपए की राशि जमा कर पंजीयन करा सकते हैं। निर्धारित राशि म.प्र. टाइगर फाउंडेशन समिति के खाता क्रमांक 10571048460 भारतीय स्टेट बैंक मुख्य शाखा टीटी नगर भोपाल आईएफएससी कोड
एसबीआईएन0001308 में जमा किया जाना है। दक्षिण वन मंडल कार्यालय पन्ना के वन मंडलाधिकारी पुनीत सोनकर द्वारा साइटिस प्रजाति के जीवित प्राणी रखने वाले व्यक्तियों से समय पर पोर्टल में पंजीयन कराने के लिए कहा गया है। निर्धारित समय सीमा के बाद उक्त प्रजातियों को बिना पंजीयन के रखना गैर कानूनी होगा।

## खाद्य सामग्री की उपलब्धता के लिए जारी होंगे प्रवेश पत्र

**पन्ना**। लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत मंगलवार, 4 जून को सुबह 8 बजे से शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना में मतगणना होगी। इस दौरान अभ्यर्थियों एवं उनके अभिकर्ताओं को खाद्य सामग्री की उपलब्धता के लिए प्रवेश पत्र जारी किया जाएगा। मतगणना के दौरान अभ्यर्थी द्वारा ही उनके अभिकर्तागण के लिए खाद्य सामग्री की व्यवस्था की जाएगी। जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा इसके लिए प्रवेश पत्र जारी किए जाएंगे।

अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी नीलाम्बर मिश्र ने बताया कि मतगणना परिसर के बाहर से मतगणना हॉल तक अभ्यर्थी द्वारा खाद्य सामग्री प्रदान करने के लिए दो व्यक्तियों की अनुमति प्राप्त की जा सकेगी। यह सुविधा प्राप्त करने के इच्छुक अभ्यर्थियों को 30 मई के पूर्व जिला निर्वाचन कार्यालय पन्ना में प्रवेश पत्र के लिए अधिकृत करने संबंधी पत्र व संबंधित व्यक्ति के दो फोटोग्राफ सहित आधार कार्ड की प्रति प्रस्तुत करने के संबंध में सूचित किया गया है।

# ग्रामीण परिवारों को सुरक्षित जल प्रदाय सुनिश्चित करने एवं लू से बचाव उपायों के बारे में अवगत कराने के निर्देश

**पन्ना**। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संघ प्रिय द्वारा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय के जारी दिशा निर्देशानुसार वर्तमान ग्रीष्मकाल में सामान्य से अधिक तापमान रहने एवं लू के मद्देनजर समस्त जनपद पंचायत सीईओ को ग्रामीणजनों को आवश्यक उपायों के बारे में अवगत कराने संबंधी निर्देश जारी किए गए हैं। बताया गया है कि वर्तमान में लू एवं अधिक तापमान जनस्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है। लू के प्रभाव को कम से कम करने और ग्रामीण परिवारों में नियमित रूप से सुरक्षित जल प्रदाय सुनिश्चित करने के उद्देश्य से भी ग्रामीण क्षेत्रों में आवश्यक उपाय के संबंध में अवगत कराया गया है। इस बारे में सलाह दी गई है कि स्थानीय मौसम समाचार के लिए समाचार पत्र पढ़ने के साथ रेडियो सुनें एवं टी.वी. देखें। भारत मौसम विज्ञान विभाग की वेबसाइट पर मौसम का नवीनतम अपडेट प्राप्त किया जा सकता है। यदि जल स्त्रोत सतही जल अवरोध या नदी है और यह पाया जाए कि वाष्पीकरण के कारण स्त्रोत समाप्त हो रहा है, तब केवल पेयजल और घरेलू जल प्रयोजनों के लिए पानी आरक्षित करना सुनिश्चित किया जाए। जल स्त्रोत भू-जल होने पर चेकडेम, डाइक, परकोलेशन तालाब, कंटूर ट्रेंचिंग इत्यादि जैसे स्त्रोत स्थिरता संरचनाएं अपनाएं। यदि भू-जल स्त्रोत में कमी पाई जाती है तो सुरक्षित पेयजल की वैकल्पिक आपूर्ति जैसे वैकल्पिक स्त्रोत की पहचान या टेंकर जल आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकती है। नियमित दूरी पर मिट्टी के बर्तनों के माध्यम से भी सुरक्षित पेयजल की व्यवस्था स्थापित करना बेहतर उपाय है। इसके अलावा सामुदायिक शौचालयों में पानी की पर्याप्त मात्रा सुनिश्चित करने के साथ सुरक्षित समझने और प्रबंधन करने के लिए सभी स्तरों पर जागरूकता पैदा कर क्षमता निर्माण करना चाहिए। जनस्वास्थ्य के संबंध में एनडीएमए, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा प्रसारित की जा रही सूचना व सलाह अपनाने की सलाह दी गई है। इस संबंध में बताया गया है कि दोपहर 1 से शाम 4 बजे तक बाहर जाने से बचा जाए। पर्याप्त मात्रा में पानी के उपयोग के साथ सीधी धूप से बचने व छाया में रहने की सलाह दी गई है। इसी तरह सिर को टोपी या हेडगियर से ढककर रखना चाहिए। हीट स्ट्रोक होने पर प्रभावित व्यक्ति को आइसपैक और ठंडे पानी से राहत प्रदान कर तुरन्त अस्पताल ले जाना चाहिए। नमक और चीनी वाला पानी इलेक्ट्रोलाइट्स रखने की सलाह भी दी गई है।

ग्रामीण परिवेश में स्थित विद्यालय भी दे रहे उत्कृष्ट रिजल्ट

# 93 प्रतिशत रहा अमरवाह हायर सेकंडरी स्कूल का रिजल्ट

सीधी



जिले के ग्रामीण क्षेत्र अमरवाह में स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमरवाह में कक्षा 6 से 12वीं तक के विद्यार्थी अध्ययन करते है। विगत 3 वर्षो से विद्यालय में विज्ञान संकाय का शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम रहा है, इस वर्ष भी विद्यालय के कक्षा 12वीं में विज्ञान संकाय का परीक्षा परिणाम 98 प्रतिशत रहा। इसी प्रकार कक्षा दसवीं में 29 विद्यार्थियों में से 27 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए और विद्यालय का परीक्षा परिणाम 93 प्रतिशत रहा। परीक्षा परिणाम में सुधार के लिए प्रभावी रूप से निदानात्मक कक्षाएँ संचालित करना और लगातार छात्रों के अभिभावकों से सम्पर्क बनाए रखने की महत्वपूर्ण भूमिका रही। विद्यालय के रसायन शास्त्र के व्याख्याता सह प्रभारी प्राचार्य के अक्टूबर माह में उच्च प्रभार में स्थानांतरित होने और विधान सभा अचार संहिता लगने की वजह से रसायन शास्त्र की पढ़ाई प्रभावित न हो इस कारण विद्यालय में पदस्थ भौतिकी विषय के शिक्षक एवं जीव विज्ञान के शिक्षक ने बचा हुआ सिलेबस पूर्ण कराया व छात्रों का मार्गदर्शन किया जिससे रसायन विज्ञान विषय का भी परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा।


विद्यालय में उमंग - स्कूल हेल्थ एवं वैलनेस कार्यक्रम, जीवन कौशल शिक्षा का सफल संचाल भी एक बेहतर माहौल बनाने में कारगर साबित हुआ। विद्यालय में खेल सामग्री के साथ कंप्यूटर, लाइब्रेरी तथा प्रयोगशाला की सुविधा है। ग्रामीण परिवेश के कारण विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति बहुत कम रहती है जो वर्तमान में विद्यालय की सबसे बड़ी समस्या है। समय-समय पर कैरियर काउंसलिंग द्वारा छात्रों को कैरियर के विभिन्न क्षेत्रों की जानकारी प्रदान की जाती है। साप्ताहिक बाल सभा के आयोजन द्वारा छात्रों के जीवन में सकारात्मक पहलू और मानवीय मूल्य से अवगत कराया जाता है ताकि छात्र का समग्र विकास हो सके। प्राचार्य महिपाल सिंह का कहना है कि यह उपलब्धि विद्यालय के शिक्षकों के अटूट परिश्रम, वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन, मोटीवेशन एवं सभी सहयोगी कर्मचारियों की मेहनत के कारण प्राप्त हुई है।

## जिला पंचायत सीईओ के मार्गदर्शन में किया गया कंट्रोल ट्रेंच का निर्माण

**सिंगरौली।** ग्राम पुरवा में जिला पंचायत सीईओ गजेन्द्र सिंह नागेश के नेतृत्व में पूर्वा के पहाड़ में मिट्टी रोकने के लिए पत्थर का कंट्रोल ट्रेंच बनाया गया। साथ ही उपस्थित सभी लोगो कंट्रोल ट्रेंच फायदे के बारे में सीईओ सर द्वारा बताया गया । उन्होने बताया कि कंट्रोल ट्रेच के माध्यम से बारिश का पानी तुरंत पहाड़ी से नहीं बहता नही पानी व्यर्थ होता जिससे जल का संतुलन बढ़ता है बाद में पानी की कमी से फसलों को नुकसान नहीं होता है तथा मिट्टी उपजाऊ होती है। इस अवसर पर जनपद पंचायत देवसर सीईओ एवं जिला परियोजना प्रबंधक मंगलेश्वर सिंह, सहायक जिला परियोजना प्रबंधक संजीव सिंह एवं आजीविका मिशन देवसर ब्लाक प्रबंधक राजेश सिंह, अवनीश चतुर्वेदी, धर्मेन्द्र पाठक, ग्राम पुरवा के सब इंजीनियर सचिव सरपंच अन्य जनप्रतिनिधियो के समक्ष कंट्रोल ट्रेंच सर के मार्गदर्शन में बनाया गया।

# बाघिन टी-28 पहले मौसी बन अनाथ शावकों की बनी मां, अब अपनी संतान को दे रही दुलार

**सीधी।** संजय टाइगर रिजर्व बाघिन टी- 28 मां की ममता की मूर्ति बन गई है। बहन टी -18 की मौत के बाद अनाथ तीन शावकों का सहारा बनी। उन्हें पाल पोसकर बड़ा कर दिया। अब खुद के चार शावकों को भरपूर दुलार दे रही है। रिजर्व के जंगल में यह शावकों के साथ देखी जा रही है। यह रिस्ते की डोर तब और खास हो जाती है जब बड़े हो चुके यह शावक अब नन्हें भाइयों के साथ अठखेलियां करते हैं। इतना ही नहीं इनके रक्षक बने हुए हैं।



यह पर्यटकों को दीदार भी कराती है। इस मां की ममता की कहानी सुनकर हर एक पर्यटक अचंभित हो रहा है। बता दें कि संजय टाइगर रिजर्व में ट्रेन की चपेट में आ जाने से बाघिन टी - 18 मौत हो गई थी। इसके बाद अनाथ हुए तीन शावकों का सहारा बनने के बाद टी-28 चर्चा में आई। खुद के जान को जोखिम में डालकर इन्हें जंगल में आबाद कर दिया। यह अपनी टेरेटरी बना लिए हैं। रिश्तों की डोर मिशाल बना गई है। हरेक पर्यटक देखना चाहता था। सभी के जुबान में इसके निभाए गए फर्ज के किस्से बन गए। टाइगर रिजर्व का अमला निगरानी के लिए तैनात किया गया है।

बाघिन टी-28 मां बनने के बाद अभी भी अपने फर्ज को बखूबी निभा रही हैं। वयस्क हो चुके शावकों के साथ शिकार करने के अलावा कंधे से कंधा मिलाकर जंगल में देखी जाती हैं। अन्य बाघ इन पर आक्रमण नहीं कर सके, बचाव का गुर सिखाती है ताकि यह जंगल में कुशल नेतृत्व कर सके।

संजय टाइगर रिजर्व में बाघों का कुनबा लगातार बढ़ रहा है।करीब तीन महीने पहले बाघिन टी- 28 रिजर्व के जंगल में चार शावकों को जन्म दिया।पिछले सर्वे रिपोर्ट में बाघों की संख्या 21 रही है। हालांकि जंगल में 50 से अधिक संख्या में देखी जा रही है। इसमें वयस्क,अवयस्क के अलावा शावक भी शामिल हैं। लगातार बढ़ रही संख्या के कारण रिजर्व के जंगल रोमांचित हो रहे हैं।

बाघिन टी-28 ने चार शावकों को जन्म दिया है। मौसी बनकर अनाथ शावकों को सहारा दिया। अब अपने शावकों को दुलार रही है। अभी भी वयस्क हो चुके अनाथ शावकों के साथ देखी जाती है।

अमित दुबे सीसीएफ संजय टाइगर रिजर्व

# सुजाता एवं प्रमोद मिश्रा अभा परिषद महाकौशल प्रांत के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मनोनीत

**सीधी।** वरिष्ठ अधिवक्ता एवं समाजसेवी श्रीमती सुजाता मिश्रा एवं प्रमोद कुमार मिश्र को अधिवक्ता परिषद के महाकौशल प्रांत के कार्यसमिति सदस्य मनोनीत हुए हैं। विगत दिनों अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में सेवानिवृत्ति न्यायमूर्ति एच पी सिंह, परिषद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सत्य प्रकाश, मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ के क्षेत्रीय संगठन मंत्री विक्रम दुबे की उपस्थिति में प्रदेश अध्यक्ष रमेश पटेल ने नाम की घोषणा की। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुजाता मिश्रा एवं प्रमोद कुमार मिश्र ने संयुक्त रूप से कहा कि न्याय मम- धर्म- के सिद्धांत पर चलते हुए प्रदेश के शोषित वंचित व्यक्तियों को न्याय दिलाने एवं भारतीय नए कानून के





प्रचार प्रसार का कार्य किए जाएंगे। नव नियुक्त प्रदेश कार्यसमिति के सदस्यों द्वारा प्रदेश नेतृत्व का आभार ज्ञापित किया। नर्मदा प्रसाद तिवारी, लक्ष्मण प्रसाद द्विवेदी, आशुतोष गुप्ता, धर्मेंद्र शुक्ला, धर्मेंद्र सिंह परिहार, मनोज शुक्ला, श्रीभान शर्मा, सुशील उपाध्याय, सुशील शर्मा, विद्याकांत मिश्रा, सत्य प्रकाश शुक्ला, डॉ अनूप मिश्रा, डॉ देवेन्द्र त्रिपाठी, डॉ राकेश गौतम, राहुल गौतम, रविंद्र गौतम, हर्षद द्विवेदी, विनोद मिश्रा, विष्णुदेव साहू, उमेश तिवारी, निशा मिश्रा, रंजना मिश्रा, रोहित मिश्रा, संजीव मिश्रा, संजय शुक्ला, सुधींद्र शुक्ला, प्रदीप सिंह, अखंड शर्मा, राकेश पाण्डेय, अशोक पाण्डेय, बी के शुक्ला, राम गोविंद सिंह, पी सी गुप्ता, राजेंद्र जैसवाल, आशीष सिंह, स्नेह लता तिवारी, अंजनी उर्मलिया, हरीश मिश्रा, लवकुश मिश्रा, संत दास शुक्ला सहित अनेक ईष्ट मित्रों ने शुभकामनाएं दी।

# नशीली टेबलेट-कफ सिरप के जखीरे के साथ आरोपित गिरफ्तार

**सीधी।** नशीली कफ सिरप और टेबलेट के साथ तीन आरोपित को जमोड़ी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए सिरप और टेबलेट की कीमत करीब एक लाख रुपये है। यह आरोपित लंबे समय से इस कारोबार से जुड़े हुए हैं। इनके गिरफ्तार होने से नशा कारोबारी में हड़कंप मचा हुआ है। यह कार्रवाई डॉ रविंद्र वर्मा पुलिस अधीक्षक के निर्देशन,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव व उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय गायत्री तिवारी के मार्गदर्शन में विशाल शर्मा थाना प्रभारी टीम ने किया है। थाना प्रभारी जमोड़ी मुखबिर से सूचना मिली कि मोहित रावत, रामनरेश रावत एवं समयलाल यादव सभी निवासी पनवार सेंगरान पड़रा नाला के पास अवैध कफ सिरप बेचने के लिए



रखे हैं। विशाल शर्मा थाना प्रभारी ने एक टीम गठित कर मुखबिर के बताए स्थान पर भेजा गया। जहां तीन व्यक्ति झोला लेकर बैठे थे। जो पुलिस को आता देखकर भागने का प्रयास किया। घेराबंदी कर पकड़के के बाद झोले को खोलकर देखा गया तो उसमें ट्रामा डोल स्पासप्लस टैबलेट कुल 20 डिब्बे 48000 नग कीमती करीब 43200 रुपये तथा आनरेक्स कफ सिरप की 110 नग कीमती 18700 रुपये कुल कीमती 61900 रुपये मिली। जिसके रखने व विक्रय के संबंध में कागजात नहीं मिला। पुलिस ने ड्रग कंट्रोल अधिनियम की धारा एवं एनडीपीएस एक्ट की धारा के तहत कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई थाना प्रभारी जमोड़ी उनि विशाल शर्मा, सउनि गोविन्द लाल साकेत प्रधान आरक्षक राजीव यादव, आरक्षक अभिषेक मिश्रा, सतीश तिवारी, मानेंद्र शुक्ला की सराहनीय भूमिका रही।

## विंध्याचल में वेस्ट आउट ऑफ बेस्ट प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**सिंगरौली।** विंध्य क्लब द्वारा क्लब के सदस्यों और उनके परिवारों के लिए विभिन प्रकार के प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता रहता है। इसी कड़ी में विंध्य क्लब द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा 2024 के अंतर्गत वेस्ट आउट ऑफ बेस्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता विभिन्न श्रेणीयों में आयोजित किया गया था, जिसमें पुरुष,महिला एवं बच्चें शामिल है। इस प्रतियोगिता में सभी को वेस्ट आउट ऑफ बेस्ट से संबन्धित चीजें अपने-अपने घर से बनाकर जमा करना थाए जिसमें भारी संख्या में कर्मचारी एवं उनके परिवारजनों ने उत्साह एवं उमंग के साथ भाग लिया।

कोतवाली क्षेत्र में खुलेआम गुण्डागर्दी

# अलग-अलग मामलो में चले लाठी डंडे व लात घूसा

**सिंगरौली।** कोतवाली थाना क्षेत्र में इन दिनों खुलेआम गुण्डागर्दी के मामले सामने आ रहे हैं। इन बदमाशों को पुलिस का खौफ बिलकुल भी नही रह गया है। बदमाशो ने दिनदहाड़े खुलेआम मारपीट की घटना को अंजाम देकर कोतवाली पुलिस को खुली चुनौती दी है। चर्चा तो यहां तक है कि पुलिस की लचर व्यवस्था के चलते आए दिन दहाड़े खुलेआम मारपीट की घटना हो रही हैं। कोतवाली क्षेत्र के चंद कदम दूरी पर गुरूवार की सुबह लगभग 10



बजे वाहन खड़ा करने के विवाद को लेकर दो युवक ने ठेकेदार कृष्णा शाह के साथ लाठी डंडे से जमकर मारपीट कर दी,जहां ठेकेदार घायल हो गया,वहीं बताया जा रहा है कि बदमाशों ने ठेकेदार के पैसे भी छीन लिए। आसपास के लोगो ने किसी तरह से बीच बचाव किया। फिर युवक ने कोतवाली पहुंच मारपीट करने वालो के खिलाफ शिकायत दर्ज कराया है। फरियादी कृष्ण कुमार की शिकायत पर बदमाश सलमान खान व लकी खान के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज करते हुए विवेचना में जुट गई। इधर घायल का उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है। इधर बीते दिवस कोतवाली थाना क्षेत्र के मस्जिद तिराहा से चंद कदम दूर टॉकीज रोड स्थित आरिफ बैंड के दुकानदार के साथ कोल्डड्रिंक खरीदने एवं पीने को लेकर विवाद होने लगा।

## जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट, दो घायल

**सिंगरौली।** सरई थाना क्षेत्र के वार्ड 13 में बुधवार की देर शाम जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। आसपास के लोगों ने बीच बचाव किया। इसके बाद मामला थाने पहुंचा। जहां दोनों पक्षों ने शिकायत दर्ज कराया है। पुलिस ने क्रॉस केस दर्ज कर मामले की विवेचना कर रही है। जानकारी के मुताबिक वार्ड 13 में बीते देर शाम छोटेलाल मिश्रा व डॉ. गंगा प्रसाद जायसवाल के बीच जमीनी विवाद को लेकर कहासुनी होने लगी।

# किसान अच्छा उत्पादन लेने हेतु मिट्टी परीक्षण के साथ-साथ पोर्टल पर पंजीयन भी करायें : उप संचालक कृषि

**सीधी।** कृषि कार्य प्रारम्भ करने के पूर्व मिट्टी परीक्षण करवाने से किसान भाइयों के खेत की मिट्टी की रिपोर्ट मिलेगी कि कौन सा पौषक तत्व कम या ज्यादा है, जिससे सही मात्रा में उसी पौषक तत्व को डालकर अधिक से अधिक पैदावार लिया जा सकता है। किसान भाई गर्मी में खेत खाली होते ही मिट्टी की जांच करवाए। उप संचालक कृषि संजय कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि मिट्टी का परीक्षण एवं पोषक तत्वों के स्तर की जांच कराकर कृषि वैज्ञानिकों के मार्गदर्शन में किसान भाई संतुलित मात्रा में खाद का उपयोग करें। उन्होंने बताया कि कलेक्टर महोदय के निर्देशन में कृषि विज्ञान केन्द्र एवं किसान कल्याण तथा कृषि विभाग के द्वारा मृदा परीक्षण के संबंध में कृषकों को जागरूक किया जा रहा है। मिट्टी परीक्षण करवाने हेतु किसान अपने क्षेत्र के कृषि विस्तार अधिकारी से सम्पर्क कर मिट्टी परीक्षण करवाये। यह प्रति इकाई लागत से अधिकतम उत्पादन हेतु परीक्षण नगण्य लागत वाला संसाधन है। उप संचालक कृषि द्वारा बताया गया कि जो किसान खरीफ फसल की तैयारी कर रहे है, वे जरूर अपनी मिट्टी की जांच करा ले, जिससे कि मिट्टी में कौन-कौन से पोषक तत्व कितनी मात्रा में है तथा किन-किन तत्वों की कमी है पता चल जाएगा। साथ ही यह भी बताया गया कि योजनाओं का लाभ लेने के लिये अब किसानो को एम.पी. किसान एप पर पंजीयन कराना आवश्यक है, यदि किसान का पंजीयन एप पर नहीं होगा, तो किसान योजनाओं का लाभ नहीं ले पायेंगे।

# भूमि पुनर्स्थापन, मरुस्थलीकरण पर हिंडालको महान ने आयोजित की कार्यशाला

**सिंगरौली।** हिंडालको महान के पर्यावरण विभाग और मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम बड़ोखर में आयोजित कार्यशाला में भूमि पुनर्स्थापन,मरुस्थलीकरण और सूखे से निपटने की क्षमता पर ध्यान केंद्रित किया और बेहतर सुझावो पर जल्द काम करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में उपयंत्री मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड अरविन्द सांवले ने बताया कि हम सभी को पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में काम करना है। जल को प्रदूषित होने से बचाने के साथ ही प्लास्टिक के बढ़ते उपयोग को भी कम करना होगा। कार्यक्रम में हिंडालको महान के पर्यावरण विभाग से डा. विनोद कुमार ने सभी को पर्यावरण अनुकूल आदतों को अपनाने की शपथ दिलाई। साथ ही प्रदूषण व पर्यावरण से सम्बंधित प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और सवालो के जबाब भी दिये। जिसमे उन्हें पुरुस्कार स्वरूप जूट बैग दिये गये। कार्यक्रम में प्लास्टिक का प्रतिकार, भूमि पुनर्स्थापन, मरुस्थलीकरण और सूखे से निपटने के लिये सुझावो पर नुक्कड़ नाटक और संगीत के माध्यम से लोगो को समझाया गया। जिसमें अशोक पाण्डेय की संगीत व नुक्कड़ नाटक मंडली ने बेहतरीन मंच पर प्रस्तुती दी। इस कार्यशाला में लोगो को बताया की हम सभी को पर्यावरण संरक्षण अंतर्गत जल को प्रदूषित होने से बचाना है। साथ ही प्लास्टिक व पॉलीथिन के बढ़ते उपयोग को कम करना है एव गीले तथा सूखे कचरे को अलग-अलग रखे। जिससे की दुबारा उपयोग हेतु कचरे का पुनः चक्रीकरण किया जा सके तथा गीले कचरे से कंपोस्ट बनाया जा सके। कार्यक्रम के अंत मे हिंडालको महान के सुरक्षा प्रमुख रिटायर्ड कर्नल गौरव चतुर्वेदी व सीएसआर प्रमुख संजय सिंह ने प्रदूषण विभाग के उप यंत्री अरविन्द सांवले को सम्मान प्रतीक देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में पर्यावरण विभाग से मोहितेंद्र,प्रदीप द्विवेदी व सीएसआर विभाग से बीरेंद्र पाण्डेय का विशेष योगदान रहा।

# वृहद जल प्रदाय योजना के तीनो इकाइयो की समीक्षा बैठक आयोजित

प्रचार प्रसार कर आम जनो को नल जल योजना के लाभ से कराएं अवगत : कलेक्टर

**सिंगरौली।** कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन के अंतर्गत कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक के दौरान प्रगतिरत योजनाओं के अंतर्गत कार्यरत एस यू सी एवं टीपीआईए के संबंध कलेक्टर द्वारा जानकारी ली गई। बैठक में जल निगम के जीएम पंकज आडवाणी द्वारा बताया गया कि जल जीवन मिशन बृहद जलप्रदाय योजना तीन इकाइयों के माध्यम से चलाया जा रहा है। जिसमें गोंड देवसर समूह जल प्रदाय योजना के तहत 213 ग्राम, बैढ़न एक समूह जल प्रदाय योजना के तहत 194 ग्राम ग्राम तथा बैढ़न दो समूह जल प्रदाय योजना के तहत



702 ग्राम सम्मिलित किए गए हैं। बैठक की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने संबंधित अधिकारी कर्मचारी को निर्देश देते हुए कहां की गांव के अंतिम छोर तक पेयजल मुहैया करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा की गर्मियों में भू जल इस्तर नीचे चला जाता ऐसे समय में नल जल योजना के माध्यम से पेयजल उपलब्ध करवाना सब से उचित माध्यम है। अतः सभी ग्रामों में चल रहे पेय जल परियोजना का कार्य समय सीमा में कर लिया जाए ताकि इसका लाभ ज्यादा से जायदा से लोगो को मिल सके । उन्होंने कहा कि पंचायत के मध्यम से नल जल योजना का प्रचार प्रसार किया जाये। ताकि आम जनता को इस योजना के लाभ के संबंध में जागरूक किया जा सके। बैठक में कलेक्टर ने परियोजना के संबंध में कार्यरत एजेंसियो से जानकारी प्राप्त की। उन्होंन इंटकबेल के निर्माण की प्रगति, पाईप लाईन व्यवस्था, नल कनेक्शन, सामग्री की गुणवत्ता के संबंध में निर्देश दिये कि नल जल योजना के कार्य को समय सीमा में गुणवत्ता पूर्ण सामग्री का उपयोग कर पूर्ण करे। उन्होंने कहा कि आगामी माह में वर्षा का सीजन सुरू हो जायेगा जिससे कार्य में व्यवधान होगा। यह सुनिश्चित किया जाये कि कार्यो को वर्षात के पूर्व पूर्ण कर लिया जाये। कलेक्टर ने कहा निर्माण कार्य में उपयोग मे लाये जाने वाली सामग्री की व्यवस्था पहले करले ताकि खपत और उपलब्धता में अंतर को कम रखा जा सके। कलेक्टर ने निर्देश दिये परियोजना में कार्यरत मजदूरो को गर्मी को दृष्टिगत रखते हुये व्यवस्था उपलब्ध कराये निर्माण साईट में पेयजल, दवा तथा उचित रहवास की व्यवस्था सुनिश्चित कराया जाये। बैठक में कलेक्टर को अवगत कराया गया निर्माण साईटो में चोरी एवं डकैती गतिविधिया घटित हो रही जिससे काफी नुकसान हो रहा है। साथ कार्य प्रगति में बाधा उत्पन्न हो रही है।

## संपादकीय

### फिजूल की अटकलें

पांचवें चरण के तहत सोमवार को आठ राज्यों और केंद्रशासित क्षेत्रों की 49 लोकसभा सीटों पर वोट डाले जा चुके हैं। अब दो ही चरण की वोटिंग रह जाएगी। स्वाभाविक ही अब बहस इन सभी चरणों के वोटिंग पैटर्न और 4 जून को इसके संभावित नतीजों की ओर मुड़ती दिख रही है। इन बहसों में सबसे ज्यादा चर्चा पहले तीन चरणों में वोटिंग परसेंटेज में आई कमी और शेयर बाजारों में आई गिरावट की हुई। हालांकि, चौथे चरण में वोटिंग बढ़ने के बाद मार्केट अपने रेकॉर्ड लेवल के करीब पहुंच गया। खैर, विश्लेषकों का एक तबका कह रहा है कि मार्केट में गिरावट इस वजह से आई क्योंकि उसे लगा कि नतीजे अप्रत्याशित होने वाले हैं। दिक्कत यह है कि इस तरह के विश्लेषण और उनके निष्कर्ष अतीत में कई बार गलत साबित हो चुके हैं। 2014 में नरेंद्र मोदी की अगुआई में भाजपा को ऐसी जीत मिली, जिससे देश में तीन दशक बाद किसी पार्टी ने अपने बहुमत वाली सरकार बनाई। 2019 में पार्टी ने उससे भी बड़ी जीत हासिल की। लेकिन 2019 में भी चुनाव नतीजों से पहले शेयर बाजार लड़खड़ाते नजर आ रहे थे। 2014 में भी कई विश्लेषक यूपी की कई सीटों पर मुस्लिम मतदाताओं के कथित ध्रुवीकरण का हवाला देते हुए खास तरह के चुनाव नतीजों की भविष्यवाणी कर रहे थे, जो गलत साबित हुए। इस बार भी यह ट्रेंड दिखा। कम मतदान को सत्तापक्ष के समर्थक मतदाताओं के उत्साह में कमी का संकेत बताया जा रहा है तो महाराष्ट्र और बिहार जैसे राज्यों में एनडीए के सहयोगी दलों की वोट ट्रांसफर करने की क्षमता पर सवाल उठाए जा रहे हैं। जहां तक वोटरों के उत्साह में कमी की बात है तो अव्वल तो चुनाव आयोग के अंतिम आंकड़ों के मुताबिक वोट परसेंटेज का अंतर काफी कम रह गया है, दूसरी बात यह कि वोट न देने वालों में किस पक्ष के समर्थक ज्यादा हैं, इसे लेकर परस्परविरोधी दावे किए जा रहे हैं जिनकी सचाई 4 जून को ही सामने आएगी। जहां तक महाराष्ट्र और बिहार जैसे राज्यों की बात है तो इसमें दो राय नहीं कि वहां राजनीतिक घात-प्रतिघात की वजह से चुनावी परिदृश्य बड़ा जटिल हो गया है। लेकिन इन राज्यों सहित देश के बाकी हिस्सों की भी बात करें तो इस पर लगभग आम राय है कि इन चुनावों में कोई लहर नहीं है। फिर भी अगर किसी एक नेता के पक्ष में मतदाताओं की पसंद मुखरता से सामने आ रही है तो वह पीएम नरेंद्र मोदी ही हैं। सवाल है कि क्या यह मुखरता वोट में भी परिणत होगी? जवाब के लिए 4 जून का इंतजार करना बेहतर होगा।

# खालिस्तानियों का चुनाव लड़ना, स्वागत और सतर्कता दोनों जरूरी

(राकेश सैन)

असल में खालिस्तान एक विकृत सोच है जिसका जन्म विदेशी पोषण और सिख पंथ की मनमाफिक व्याख्या के अवैध सम्बन्धों से हुआ। इस सोच से न केवल पंजाब में हजारों की संख्या में निर्दोषों को जान गंवानी पड़ी बल्कि देश-विदेश में सिखों की छवि को आघात भी पहुंचा।

लोकसभा चुनावों के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत असम की डिब्रूगढ़ जेल में बन्द खालिस्तानी अलगाववादी अमृतपाल के खडूर साहिब से नामांकन पत्र दाखिल करने की देशभर में चर्चा है। अमृतपाल दिल्ली की सीमा पर चले किसान आंदोलन के एक नेता दीप सिद्धू के अलगाववादी संगठन 'वारिस पंजाब दे' का सर्वेसर्वा है और यह पद उसने सिद्धू की सडक़ दुर्घटना में हुई मौत के बाद प्राप्त किया। अमृतपाल ने कई महीनों तक इस संगठन के मंच से सिख युवाओं के मनों में खालिस्तानी व अलगाववादी विष भरा परन्तु अजनाला में थाने पर हमले के आरोप में उसे साथियों सहित गिरफ्तार कर डिब्रूगढ़ जेल भेज दिया गया। केवल अमृतपाल ही नहीं अमृतसर में शिवसेना के नेता सुधीर सूरी की हत्या करने वाला संदीप सिंह, दिवंगत प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी के हत्यारे बेअंत सिंह का बेटा सरबजीत सिंह खालसा भी इस चुनाव में ताल ठोक चुके हैं। इसी वर्ग में शामिल अपने भडक़ाऊ भाषणों के चलते चर्चा में रहने वाले अकाली दल (अमृतसर) के अध्यक्ष सिमरनजीत सिंह मान खुद संगरूर की सीट से चुनाव लड़ रहे हैं और वे वहां से वर्तमान सांसद भी हैं। उनके दल के अन्य उम्मीदवार खुशहाल सिंह मान, बलदेव सिंह, अमृतपाल सिंह चंद्रा, मनिन्द्रपाल सिंह क्रमशः आनन्दपुर साहिब, फरीदकोट, लुधियाना व पटियाला से चुनाव मैदान में हैं। पूर्व आईपीएस अधिकारी सिमरनजीत मान खालिस्तान के पक्ष में केवल अपने देश में ही नहीं बल्कि दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में भारत के खिलाफ विषवमन करते रहे हैं। आखिर इतने सारे खालिस्तानी अलगाववादियों का चुनाव लडऩा किस बात का संकेत है? क्या यह खालिस्तानी आतंक की वैचारिक पराजय है या अलगाववादियों की नई कोई रणनीति। इसीलिए जहां इसका स्वागत किया जाना बनता है वहीं सावधान रहने की भी अत्यन्त आवश्यकता है।




असल में खालिस्तान एक विकृत सोच है जिसका जन्म विदेशी पोषण और सिख पंथ की मनमाफिक व्याख्या के अवैध सम्बन्धों से हुआ। इस सोच से न केवल पंजाब में हजारों की संख्या में निर्दोषों को जान गंवानी पड़ी बल्कि देश-विदेश में सिखों की छवि को आघात भी पहुंचा। किसी समय विकास की दौड़ में देश में सबसे आगे दौड़ता दिख रहा पंजाब दो दशकों चले आतंकवाद के दौर में हांफने लगा। खालिस्तान पंजाब के सीने पर ऐसे जख्म का नाम बन चुका है जो रह-रह कर रिसना शुरू कर देता है।

चाहे पंजाब के अलगाववादी चुनाव तो लड़ रहे हैं परन्तु अभी तक ये तत्व भारतीय संविधान व यहां के दस्तावेजों को नकारते रहे हैं। अमृतपाल तो यहां तक कहता रहा है कि उसके लिए भारतीय पासपोर्ट तो केवल हवाई यात्रा का दस्तावेज मात्र है। देश की एकता-अखण्डता व सम्प्रभुता को चुनौती देने वाले खालिस्तानी अगर भारतीय संविधान की मर्यादा के अन्तर्गत चुनाव लड़ते हैं तो इस परिवर्तन का स्वागत होना चाहिए। भारतीय संविधान की परिधि में रह कर अलगाववादी तत्व संसद में कुछ भी मांग उठाते हैं तो इसका स्वागत होना चाहिए। स्वागत इसलिए क्योंकि यह भारतीय सार्वभौमिकता और लोकतंत्र की जीत और खालिस्तानी अलगाववाद की सैद्धान्तिक पराजय होगी।

ऐसा नहीं कि देश में किसी अलगाववादी संगठन या व्यक्ति ने पहली बार चुनाव लड़ा हो या इस तरह के संगठनों से सरकारों ने समझौते न किए हों। वर्तमान सरकार के कार्यकाल में ही असम में सक्रिय आतंकी संगठन यूनाइटेड लिब्रेशन फ्रण्ट आफ असम (उल्फा), नागालैण्ड में सक्रिय रहे अलगाववादी संगठन नार्थ ईस्ट सोस्लिट आफ नागालैण्ड (एनएससीएन), पिपुल्स डेमोक्रेटिक सार्उसिल आफ कार्बी, कार्बी, लॉगरी नोर्थ ईस्ट हिल्स लिब्रेशन फ्रण्ट, कार्बी पिपुल्स लिब्रेशन फ्रण्ट, कुकी लिब्रेशन फ्रण्ट, यूनाइटिड पुपिल्स लिब्रेशन फ्रण्ट सहित अनेक आतंकी व अलगाववादी संगठन विभिन्न समझौतों के तहत देश की मुख्यधारा में शामिल हो चुके हैं। पूर्वोत्तर ही क्यों खुद पंजाब व जम्मू-कश्मीर में बहुत से पूर्व आतंकियों का भी प्रत्यक्ष व गुप्त रूप से पुनर्वास किया जा चुका है। अगर अलगाव व आतंक का मार्ग छोड़ कर कोई भटका हुआ नागरिक देश की मुख्यधारा में शामिल होना चाहे तो उसका स्वागत होना चाहिए। इस मार्ग पर चलने वालों को यह भान भी होना चाहिए कि आतंकवाद का मार्ग किसी समस्या का समाधान नहीं, यह देश विभिन्न विचारधाराओं, विविध आस्थाओं का पुष्पगुच्छ है, हां पर किसी को हिंसा व देश को तोडऩे का अधिकार नहीं दिया जा सकता। देश को तोडऩे की बात करने वालों को पहले भारत से टूट कर अलग हुए पाकिस्तान, बंगलादेश, अफगानिस्तान, म्यांमार की हालत देखनी चाहिए कि वहां के लोग किस तरह नारकीय जीवन व्यतीत करने को विवश हैं।

इस मामले में सतर्क रहने की भी आवश्यकता है, क्योंकि कहीं चुनावों के माध्यम से अलगाववादी व आतंकी शक्तियां एकजुट होने का प्रयास करती हैं तो इसे सफल नहीं होने देना चाहिए। सांसद सिमरनजीत मान इसके सबसे बड़े उदाहरण हैं, वो संसद में संविधान की शपथ भी लेते हैं और देश को तोडऩे का भी सपना देखते हैं। हाल ही में उन्होंने सार्वजनिक तौर पर कहा था कि वे खालिस्तानी तत्वों को विदेश में शरण दिलवाने का काम करते हैं। वे अब तक पचास हजार खालिस्तानी तत्वों को विदेश में राजनीतिक शरण दिलवा चुके हैं और हर केस के पैंतीस हजार रूपये की फीस लेते हैं। सांसद बनने के बाद अगर खालिस्तानी अपने पद का दुरुपयोग करते हैं और विदेशों में भारत को बदनाम करते हैं तो इसको भी रोका जाना चाहिए। ज्ञात रहे कि जब कोई भारतीय सांसद अपने लैटरहैड पर किसी खालिस्तानी तत्व को पीड़ित बताता है और भारत से उसकी जान का खतरा बताता है तो इससे इस की पुष्टि हो जाती है कि भारत में यह लोग सुरक्षित नहीं। पंजाब में लोग येन, केन प्रकारेण विदेश जाने को ललायित रहते हैं और वे इस तरह के झूठे लैटरहैडों से भी परहेज नहीं करते। ऐसा करते हुए शार्टकट से विदेश जाने के चाहवान भूल जाते हैं कि उनके इस कदम से देश की कितनी बदनामी होती है। देशविरोधी शक्तियों के कुप्रचार को कितना प्रोत्साहन मिलता है? इसलिए पंजाब के अलगाववादियों के चुनाव लडऩे के मामले को पूरी सतर्कता से लेने की जरूरत है।

# क्या कहती है कश्मीर में हुई रेकॉर्ड वोटिंग

**5 अगस्त 2019 को जब केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राज्यसभा में जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल-370 हटाने का प्रस्ताव रखा तो भारत ही नहीं, सारी दुनिया में लोग हैरान रह गए थे। किसी को उम्मीद नहीं थी कि सरकार इतना बड़ा कदम उठाएगी। लेकिन, सरकार ने आगे बढ़ने के पहले ही रणनीति तैयार कर ली थी। मामला सुप्रीम कोर्ट की संविधान बेंच के सामने भी गया। वहां फैसला सरकार के हक में आया। देश की शीर्ष अदालत ने भी कहा कि आर्टिकल-370 अस्थायी था।**

(मधुरेनद्र सिन्हा)

इस बार कश्मीर घाटी में दो दिलचस्प बातें हुईं। एक तो वहां के मशहूर ट्यूलिप के फूलों का रेकॉर्ड संख्या में खिलना और दूसरा लोकसभा चुनाव में रेकॉर्ड वोटिंग। ट्यूलिप की 71 किस्मों ने अपनी छटा बिखेरी, जिसे निहारने के लिए लाखों पर्यटक आए। वहीं, बारामूला और श्रीनगर में हुए मतदान ने पिछले कई दशकों के आंकड़े ध्वस्त कर दिए।

**रिकॉर्ड मतदान** – बारामूला में 57.4 प्रतिशत वोटिंग दर्ज की गई, जो 1984 के बाद सबसे अधिक मतदान है। साल 1984 में यहां 61.1 प्रति. वोटिंग हुई थी। इसी तरह, श्रीनगर लोकसभा क्षेत्र में 38 प्रति. मतदाता घरों से निकले। यहां 1996 के बाद पहली बार इस तरह का जोश देखने को मिला। अच्छी बात यह रही कि घाटी से अबकी बार न गड़बड़ी की खबरें आईं, न चुनाव बहिष्कार की और न ही अलगाववादियों की धमकियां सुनाई दीं। वोटर घरों से निकले। बड़गाम, गंदरबल, पुलवामा और शोपियां जैसी जगहों पर भी शांति रही।

**370 का असर**– 5 अगस्त 2019 को जब केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राज्यसभा में जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल-370 हटाने का प्रस्ताव रखा तो भारत ही नहीं, सारी दुनिया में लोग हैरान रह गए थे। किसी को उम्मीद नहीं थी कि सरकार इतना बड़ा कदम उठाएगी। लेकिन, सरकार ने आगे बढ़ने के पहले ही रणनीति तैयार कर ली थी। मामला सुप्रीम कोर्ट की संविधान बेंच के सामने भी गया।



वहां फैसला सरकार के हक में आया। देश की शीर्ष अदालत ने भी कहा कि आर्टिकल-370 अस्थायी था।

**जनता में उत्साह**– यह फैसला बहुत बड़ा झटका था अलगाववादियों के लिए। वे अब आम जनता को गुमराह कर अपने साथ खड़ा नहीं कर पा रहे। इसका लाभ इस आम चुनाव में मिला, जहां बड़ी तादाद में आम लोगों ने भागीदारी की। वे केवल वोट देने ही नहीं निकले, बल्कि चुनाव प्रचार का भी हिस्सा बने।

**पाकिस्तानी एजेंट नहीं दिखे** – कश्मीर में चुनाव हमेशा से जटिल मुद्दा रहा है। पाकिस्तान के एजेंट वहां हमेशा हंगामा करा दिया करते थे। लेकिन, इस बार सभी शांत रहे। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था ने लोगों में भरोसा जगाया और सुनहरे भविष्य की उम्मीद ने उन्हें मतदान के लिए प्रेरित किया। दरअसल, घाटी के लोगों ने मान लिया है कि आर्टिकल-370 अब हमेशा के लिए खत्म है।

सोच बदली । राज्य के राजनीतिक दलों ने भी इस सच को स्वीकार कर लिया है। फारूक अब्दुल्ला हों या महबूबा मुफ्ती, किसी ने भी आर्टिकल-370 को फिर से बहाल करने की मांग पुरजोर तरीके से नहीं उठाई। उन्हें आभास हो गया कि कश्मीरियों की सोच में बदलाव आ चुका है और अब नए विषयों को लेकर ही आगे बढ़ा जा सकता है।

**निवेश बढ़ रहा**– बदले हुए माहौल का असर इकॉनमी पर भी दिख रहा। दुबई की कंस्ट्रक्शन कंपनी एम्मार ने घाटी में निर्माण के लिए हाथ बढ़ाया है। लुलु मॉल का काम शुरू हो चुका है। साथ ही, मिडल ईस्ट की कंपनियां निवेश के लिए आगे आई हैं, इससे स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा।

**बेहतर प्रशासन**– गवर्नर रूल के बाद बड़े पैमाने पर प्रशासनिक सुधार हुआ। भ्रष्टाचार पर अंकुश लगा, जिससे जनता ने राहत की सांस ली। प्रशासनिक बदलाव किए गए। सैलरी में इजाफा हुआ, जिससे कर्मचारियों की माली हालत सुधरी। इन्फ्रास्ट्रक्चर पर तेजी से काम हुआ। माहौल में आई इस बेहतरी ने युवाओं को अलगाववादियों से दूर कर दिया है।

**वोट की ताकत**– यह चुनाव कश्मीर के लोगों को लोकतंत्र में वापसी का अहसास करा रहा है और अलगाववादियों को भारी चोट पहुंचा रहा है। वहां के मुख्य चुनाव अधिकारी ने कहा कि वोटरों की बढ़ी तादाद इस बात का सबूत है कि यहां कानून व्यवस्था बेहतर हो गई है। इससे भी बड़ी बात है कि लोग बैलेट की ताकत को पहचानने लगे हैं। वे मानते हैं कि वोट से घाटी का चेहरा बदला जा सकता है। उन्हें लोकतंत्र में पूरा यकीन है। एक बूथ पर मिले एक युवा वोटर की बातों से उसकी उम्मीद झलकती है। उसका कहना था कि हमें विश्वास है, संसद में हमारी भी आवाज सुनाई देगी। (लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं) ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।

## वर्ग पहेली 5379

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | ■ | 3 | 4 | ■ | ■ | ■ |
| 5 | | 6 | ■ | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 11 | | | ■ | 12 | | | |
| ■ | 13 | | | | ■ | | ■ |
| 14 | | | ■ | ■ | 15 | | 16 |
| 17 | | ■ | 18 | | | ■ | |
| ■ | ■ | 19 | | ■ | 20 | 21 | ■ |
| 22 | | | | ■ | 23 | | |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. 2 जुलाई 2012 को इस देश ने इटली को 4-0 से हराकर यूरो कप फुटबाल 2012 जीत लिया ओर लगातार तीन बड़े खिताब जीतने वाला पहला देश बना (3)
3. एक सूर्यवंशी राजा का नाम जो दशरथ के पिता थे (2)
5. शमन करने वाला (3)
7. तरंगित होना, कंप युक्ति गति होना (4)
11. ऐसा रोग जिसमें शरीर का कोई अंग सुन्न या बेकार हो जाता है (3)
12. फौजी भाइयों के लिए विविध भारती से प्रसारित एक दैनिक कार्यक्रम (4)
13. अस्तबल, घुड़साल (4)
14. लोहा, इस्पात (3)
15. मामला, कोइ गुढ बात (3)
17. पंच तत्वों में से एक, आब, नीर (2)
18. सुख, चैन, आराम, शांति (3)
19. साज, बजाने का यंत्र (2)
20. हस्त, कर, दस्ता, मूठ (2)
22. संतान उत्पन्न करना, जन्म देने का भाव (4)
23. लुप्त हो जाना, रहने की जगह, वास स्थान (3)

**ऊपर से नीचे**(2)

1. विशेष व्यक्ति अथवा अवसर के लिए निश्चित, खास (3)
2. उपकार मानने वाला, कृतज्ञ (6)
4. भूकंप, भूडोल, पृथ्वी का कांपना (4)
6. परेड़, ड्रिल, नियमावली, कार्य विधि (4)
8. घोड़ा, अश्व (2)
9. वे भाई जो श्रीराम से छोटे हों (4)
10. गंदे पानी बहने के लिए बनाया गया कृत्रिम जल मार्ग (2)
14. सेना को यह भी कहा जाता है (2)
15. स्वत्व हानि, मान-अपमान (4)
16. संख्या, समूह, पुंज (2)
18. नमाज की सूचना के शब्द जो जोर-जोर से पुकारे जाते है (3)
19. वेष, सजधज (3)
21. सूखी धरती (2)

### वर्ग पहेली 5378 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| घा | ना | ■ | अ | म | र | ना | थ |
| त | त | ■ | मा | ल | वा | ■ | प |
| ता | ■ | भा | व | ना | ■ | व | क |
| क | ला | ■ | स्या | ■ | सा | र | ना |
| ना | न | क | ■ | र | म | क | ■ |
| ■ | त | ह | ल | का | ■ | न्या | य |
| आ | ■ | र | ■ | बी | ना | ■ | हू |
| प | त | वा | र | ■ | का | लिं | दी |

# नशे से छुटकारा




(दीनदयाल मुरारका)

बात तब की है जब अल्कोहलिज्म को बीमारी नहीं, सिर्फ बुरी आदत के रूप में देखा जाता था। स्वाभाविक ही तब शराबियों को समाज नफरत के भाव से देखता था। यहां तक कि परिवार के लोग भी उनसे घृणा करते थे। 1895 में अमेरिका में जन्मे बिल विल्सन, जिन्हें बिल डब्ल्यू. के नाम से भी जाना जाता है, स्वयं अल्कोहलिक थे। कई वर्षों तक ऐसा रहा कि वह शराब की आदत छोड़ते थे, फिर पकड़ लेते थे। इससे उन्हें और भी दूसरी बीमारियां होने लगीं। धीरे-धीरे परिवार के लोगों ने भी उनसे सहानुभूति जताना छोड़ दिया। खैर हालत बिगड़ने पर कोई और उपाय न देख उन्हें एक बार फिर अस्पताल में भर्ती कराया गया। तब वह 40 वर्ष के भी नहीं हुए थे।

इस बार एक दिन अचानक उन्हें लगा कि अल्कोहलिज्म बुरी आदत नहीं, बल्कि यह एक बीमारी है। इसके विरुद्ध एक बीमारी की तरह लड़ने की जरूरत है। इस आध्यात्मिक जागरूकता ने उनके जीवन को पूरी तरह से बदल दिया। उन्होंने अनुभव किया कि वह जिस तरह अल्कोहलिज्म के संकट से जूझ रहे हैं, उस तरह के संकट में और भी लोग हैं। इससे उबरने के लिए उन लोगों की मदद करने की जरूरत है। इस विचार पर आगे काम करने के लिए उन्हें एक और अल्कोहलिक को खोजने की जरूरत थी। वह डॉ. बॉब स्मिथ के संपर्क में आए जो उन्हीं की तरह के संकट से जूझ रहे थे। उनके साथ मिलकर बिल डब्ल्यू. ने अल्कोहलिक्स अनानोनिमस (एए) की स्थापना की। नशे से मुक्ति पाने के अपने संकल्प और नशे से पीड़ित अन्य लोगों की सहायता को लेकर उनके समर्पण ने अनगिनत जिंदगियां बचाईं। उनकी कहानी उन लोगों के लिए उम्मीद की रोशनी बनी जो अल्कोहलिज्म और अन्य नशों से लड़ रहे थे। ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।

# आज का राशिफल

**मेष**

मेष : समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी।

**वृषभ**

वृष : नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा।

**मिथुन**

मिथुन : सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधनों में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा।

**कर्क**

कर्क : समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। आलस्य का त्याग करें।

**सिंह**

सिंह : यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी।

**कन्या**

कन्या : शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह होगा। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें।

**तुला**

तुला : खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि व अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें।

**वृश्चिक**

वृश्चिक : समाज में मान-सम्मान मिलेगा। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच मांगलिक कार्य सम्पन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार होगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा।

**धनु**

धनु : कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें। संतान की उन्नति के योग हैं। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**मकर**

मकर : आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रही अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा।

**कुंभ**

कुंभ : सुख-आनंददायी समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य के लिए समय अच्छा रहेगा। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है।

**मीन**

मीन : शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम होगा। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### लाखों रेल संरक्षा कर्मियों को समय पर सुरक्षा उपकरण व वर्दी मिलेगी, झप्रमोशन देने की भी तैयारी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय रेल में प्रतिदिन 22,000 हजार से अधिक यात्री ट्रेनें व मालगाड़ियों के सुरक्षित परिचालन की जिम्मेदारी निभा रहे लाखों रेल संरक्षा कर्मियों को समय पर सुरक्षा उपकरण व वर्दी मिलेगी। रेलवे बोर्ड ने इस बाबत नए आदेश जारी किए हैं। रेलवे बोर्ड के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि कई जोन में रेल संरक्षा कर्मियों गेटमैन, प्वाइंटमैन, केबिनमैन, लीवरमैन आदि को समय पर वर्दी-सुरक्षा उपकरण नहीं उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसको लेकर रेलवे बोर्ड ने उक्त संरक्षा कर्मियों (शटिंग स्टाफ) को सुरक्षा उपकरण व वर्दी वितरित करने के आदेश जारी किए हैं। इसमें वॉटरप्रूफ रेनकोट के लिए सालाना 1200 रुपये, सर्दियों में जैकेट के लिए दो साल में 2500 रुपये मिलेंगे। वैकल्पिक व्यवस्था के तहत जैकेट, ट्राउजर, दस्ताने, स्नो बूट, कैप आदि के लिए 10,000 रुपये का प्रावधान किया गया है। सेफ्टी बूट-टार्च के लिए 24,00 रुपये दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि हर साल सुरक्षित ट्रेन परिचालन में 200 से अधिक संरक्षाकर्मी दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। उनकी सुरक्षा के लिए जरूरी उपाय का प्रबंध करने और समय पर उपलब्ध कराने हेतु जोनल रेलवे को सख्त आदेश दिए गए हैं। रेलवे बोर्ड ने प्वांइटमैन के लिए लेवल-5 तक प्रमोशन देने का प्रस्ताव तैयार किया है। इससे उनके वेतन में भारी बढ़ोत्तरी हो जाएगी। इस बाबत वित्त मंत्रालय को प्रस्ताव भेज दिया है। वहां से हरी झंडी मिलने के बाद इसे लागू किया जाएगा। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि वर्तमान में प्वांइटमैन लेवल-एक (ग्रेड पे-1800 रुपये) पर भर्ती होते हैं। आजीवन नौकरी करने के बाद लेवल-दो (ग्रेड पे- 1900 रुपये) पर सेवानिवृत्ति हो जाते हैं। अधिकारी ने बताया कि नए प्रस्ताव में प्वाइंटमैन वर्ग में लेवल-एक व दो के अलावा लेवल-चार व लेवल-पांच तक प्रमोशन का प्रावधान किया जाएगा। लेवल-चार में प्वांइटमैन को 2400 रुपये व लेवल-पांच में 2800 रुपये का ग्रेड पे मिलेगा।

### पिता ने ही दी थी नाबालिग को पोर्शे चलाने की अनुमति : पुलिस


**पुणे, एजेंसी।** पुणे हादसे के नाबालिग आरोपी के पिता को स्पेशल कोर्ट में पेश किया गया है। खबर है कि यहां पुलिस ने कोर्ट को बताया है कि आरोपी के पिता ने ही ड्राइवर को नाबालिग को गाड़ी चलाने देने के लिए कहा था। रविवार देर रात हुए हादसे में एक युवक और एक युवती की मौत हो गई थी। इधर, आरोपी को भी बाल सुधार गृह भेजे जाने की तैयारी है। जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड ने नाबालिग को निबंध लिखने जैसी शर्तों पर जमानत दे दी थी। टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, क्राइम ब्रांच इंस्पेक्टर गणेश माने ने कोर्ट में स्पेशल जज एस पी पोंखसे के सामने अपनी बात रखी। उन्होंने बताया कि ड्राइवर ने अपने बयान में कहा है कि किशोर कार चलाने की जिद कर रहा था और ड्राइवर को इस संबंध में सूचित करने के लिए उसके पिता को फोन करना पड़ा। रिपोर्ट के अनुसार, पुलिस अधिकारी ने बताया कि ड्राइवर ने कहा था कि पिता ने उसे किशोर को गाड़ी चलाने देने और उसे पास की सीट पर बैठने के लिए कहा था। इससे पहले बिल्डर की ओर से कोर्ट में पेश हुए वकील प्रशांत पाटिल ने कहा था कि ड्राइवर ने पुलिस को दिए बयान में कहा है कि गाड़ी किशोर को नहीं, सिर्फ उसे ही चलाने के लिए दी गई थी। खास बात है कि आरोपी का पिता पुणे शहर का जाना-माना बिल्डर है। पुलिस ने 7 दिनों की पुलिस कस्टडी की मांग की थी। अदालत ने 24 मई तक की कस्टडी के आदेश दिए हैं। आरोपी के पिता को मंगलवार को रात 8 बजकर 30 मिनट पर गिरफ्तार कर लिया गया था। उनपर आरोप हैं कि यह जानते हुए भी उन्होंने बेटे को कार चलाने की अनुमति दी कि उसके पास लाइसेंस नहीं है और वह गाड़ी चलाने में निपुण भी नहीं है। उन्हें मंगलवार को ही संभाजीनगर की एक लॉज से हिरासत में लिया गया था और बाद में पुणे लाया गया। अखबार से बातचीत में पुलिस आयुक्त अमितेश कुमार ने बताया, बिल्डर और अन्य को फरासखाना पुलिस स्टेशन के लॉकअप में रखा जाएगा, जहां उन्हें कोई वीआईपी ट्रीटमैंट नहीं मिलेगा।

### छठे चरण की वोटिंग से पहले बंगाल में हिंसा, नंदीग्राम में भाजपा की महिला कार्यकर्ता की हत्या

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल में 25 मई को लोकसभा चुनाव के छठे चरण के लिए वोटिंग होगी। इससे ठीक पहले नंदीग्राम से हिंसा की खबरें सामने आई हैं। भारतीय जनता पार्टी की एक महिला कार्यकर्ता की हत्या कर दी गई। भाजपा ने दावा किया है कि उनके कई कार्यकर्ताओं पर तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के द्वारा हमला किया गया। भगवा पार्टी ने गुरुवार को नंदीग्राम में विरोध-प्रदर्शन किया। टीएमसी ने हिंसा के आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। ममता बनर्जी की पार्टी ने आरोप लगाया है कि बीजेपी कार्यकर्ताओं की आपसी कलह के कारण यह हत्या हुई है। हिंसा की खबरें टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी द्वारा विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी के विधानसभा क्षेत्र नंदीग्राम का दौरा करने के बाद सामने आई हैं। बुधवार को एक रैली को संबोधित करते हुए अभिषेक बनर्जी ने कहा कि लोगों के आरक्षण के अधिकार की रक्षा के लिए भाजपा को सत्ता से बाहर करने की जरूरत है। इस दौरान उन्होंने शुभेंदु अधिकारी के गद्दार बताते हुए दावा किया कि ईडी और सीबीआई जांच से बचने के लिए वह भाजपा में शामिल हो गए।

# प्रधानमंत्री पद के लिए 'इंडिया' गठबंधन के उम्मीदवार का चयन नतीजों के बाद किया जाएगा : अरविंद केजरीवाल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को कहा कि अगर कांग्रेस के नेतृत्व वाला इंडिया गठबंधन जीतता है वह प्रधानमंत्री बनने की रेस में शामिल नहीं हैं। दरअसल केजरीवाल से उन अटकलों के बारे में पूछा गया था जिनमें कहा जा रहा है कि अगर कांग्रेस के नेतृत्व वाला इंडिया गुट लोकसभा चुनाव जीतता है तो वह अगले प्रधानमंत्री बन सकते हैं। हालांकि उन्होंने इसे खारिज कर दिया। उन्होंने प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में राहुल गांधी के बारे में सवालों को भी टाल दिया और कहा कि ऐसी कोई चर्चा नहीं हुई है और इंडिया गुट चुनाव नतीजों के बाद इस पर फैसला करेगा। राहुल गांधी को प्रधानमंत्री के रूप में स्वीकार किए जाने संबंधी सवाल पर केजरीवाल ने कहा, प्रधानमंत्री पद के लिए 'इंडिया' गठबंधन के उम्मीदवार का चयन लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद किया जाएगा। केजरीवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री पद के लिए विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन के उम्मीदवार के बारे में फैसला चार जून को लोकसभा चुनाव के नतीजे घोषित होने के बाद किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उन्हें लगता है कि विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस' (इंडिया) धीरे-धीरे 300 के आंकड़े की ओर बढ़ रहा है। केजरीवाल ने कहा, वह अपने दम पर सरकार बनाएगा। गठबंधन एक अच्छी, स्थिर सरकार देगा। यह पूछे जाने पर कि कया वह खुद को 'इंडिया' गठबंधन का प्रधानमंत्री पद का चेहरा मानते हैं, केजरीवाल ने कहा, ''मेरा ऐसा कोई इरादा





नहीं है। हम (आप) एक बहुत छोटी पार्टी हैं जो केवल 22 सीट पर चुनाव लड़ रही है।'' इस सवाल पर कि क्या वह राहुल गांधी को देश के प्रधानमंत्री के रूप में स्वीकार करेंगे, केजरीवाल ने कहा, ऐसी कोई चर्चा नहीं हुई है। यह एक सैद्धांतिक सवाल है। जब हम साथ बैठेंगे तो इस पर चर्चा करेंगे। भाजपा का नाम लिए बिना दिल्ली के मुख्यमंत्री ने कहा, यह लोकसभा चुनाव देश और लोकतंत्र को मौजूदा तानाशाही से बचाने के लिए है। उन्होंने आशंका जतायी कि अगर भाजपा सत्ता में वापस आई तो लोकतंत्र खत्म कर देगी। केजरीवाल ने कहा, चुनाव नहीं होंगे और अगर होंगे भी तो रूस की तरह ही होंगे। पुतिन ने या तो पूरे विपक्ष को जेल भेज दिया या उन्हें ख़त्म कर दिया और फिर चुनाव कराए तथा 87 फीसदी वोट हासिल किए। उन्होंने अपनी बात समझाने के लिए पाकिस्तान का उदाहरण भी दिया। केजरीवाल ने कहा, पाकिस्तान में इमरान खान को जेल भेज दिया गया और उनकी पार्टी तथा चुनाव चिह्न छीन लिया गया। आप संयोजक ने कहा, वे (भाजपा) भी ऐसा करेंगे... आप (नेताओं) को जेल भेजेंगे, ममता बनर्जी को जेल भेजेंगे। किसी को नहीं छोड़ा जाएगा। सभी जेल में होंगे और फिर वे चुनाव जीतते रहेंगे। 'इंडिया' गठबंधन की ओर से प्रधानमंत्री पद के लिए कोई चेहरा न होने के बारे में पूछे जाने पर केजरीवाल ने कहा, ''फिलहाल सबकी चिंता यही है कि वे (भाजपा) किसी को नहीं छोड़ेंगे।'' केजरीवाल ने इस बात पर जोर दिया कि उन्हें उम्मीद है कि विपक्षी गठबंधन दिल्ली की सभी सात लोकसभा सीट पर जीत हासिल करेगा। उन्होंने कहा, आप और इंडिया गठबंधन की ऐसी लहर है कि मुझे आश्चर्य नहीं होगा कि विधानसभा चुनाव के पिछले रिकॉर्ड, जिसमें हमने (आप) 67 सीट (2015 में) और 62 सीट (2020 में) जीती थीं, टूट जाएं। केजरीवाल को उच्चतम न्यायालय ने चुनाव प्रचार के लिए 10 मई को धनशोधन मामले में एक जून तक के लिए अंतरिम जमानत दे दी थी। उन्होंने कहा कि उनकी गिरफ्तारी और जेल दिल्ली के मतदाताओं के लिए एक भावनात्मक मुद्दा है जिससे भाजपा को नुकसान होगा। केजरीवाल ने कहा कि लोगों में जबरदस्त गुस्सा था और उन्हें लगा कि एक अच्छे आदमी को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने कहा, हम तानाशाही के बारे में सुन रहे हैं और लोग कह रहे हैं कि उन्हें इस तानाशाही के खिलाफ वोट करना होगा। यह भावना बहुत मजबूत है। केजरीवाल ने जेल से अपनी रिहाई को भगवान का चमत्कार बताया और कहा कि इसने लोगों में उत्साह भर दिया है। उन्होंने कहा, जब मैं प्रचार के लिए जाता हूं तो लोगों की आंखें नम हो जाती हैं। आप प्रमुख ने कहा कि उन्हें भाजपा ने जेल भेजा था, जिसने सोचा था कि इससे उनकी पार्टी टूट जाएगी लेकिन हुआ इसके विपरीत। केजरीवाल ने कहा, उन्होंने सोचा कि मेरी गिरफ्तारी के बाद अभियान प्रभावित होगा और हमारी पार्टी टूट जाएगी, विधायक टूट जाएंगे और सरकार गिर जाएगी। लेकिन हुआ इसके विपरीत। हमारी पार्टी और अधिक एकजुट हो गई, हमारे नेतृत्व ने एक परिवार की तरह काम किया और जब हमारे कार्यकर्ताओं ने देखा कि उनका नेता जेल में है तो वे और अधिक मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित हुए।

## नक्सलियों से चर्चा करने के लिए सरकार ने जारी की मेल आईडी

**जगदलपुर , एजेंसी।** छत्तीसगढ़ सरकार नक्सलियों से एक बार फिर 121 चर्चा करने के लिए तैयार है। जिसे लेकर राज्य सरकार ने मेल आईडी और गूगल फॉर्म जारी किया है। जिसके तहत गृह मंत्री विजय शर्मा ने नक्सलियों से पूछा है कि वह पुनर्वास नीति में किस तरह के बदलाव चाहते हैं सामने आए और बताएं। उपमुख्यमंत्री और गृह मंत्री विजय शर्मा ने आज जगदलपुर में नक्सलियों से वार्ता की दिशा में एक कदम और आगे बढ़ते हुए पुनर्वास नीति सुझाव के लिए ईमेल आईडी और गूगल फॉर्म जारी कर माओवादियों से आग्रह किया है की वे स्वयं बताएं कि उनके पुनर्वास नीति क्या होनी चाहिए। उन्होंने कहां की मैं हमेशा कहता हूं की वार्ता के सारे रास्ते खुले हैं और इसके लिए हमारी भाजपा की विष्णुदेव सरकार ने नियद नेल्ला नार नाम से योजना लाकर गांव में सड़क ,स्वास्थ्य, पानी, सुविधा प्रारम्भ कर समानता और विकास का एक वातावरण तैयार कर दिया हैं और यह बात भटके हुए युवा समझ रहे हैं इसीलिए हम उन्हीं से पूछ रहे हैं कि उनके पुनर्वास नीति क्या होनी चाहिए। ताकि मुख्य धारा में जुड़कर प्रदेश और देश की विकास में भागीदारी कर सके। पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि आप और समाज समर्थ है नक्सलवाद की इस समस्या के हल के लिए। सरकार स्वयं मानती है की आपरेशन मुख्य विषय नही है और यह तो सरकार के प्रयास का बहुत छोटा सा हिस्सा है सरकार का मुख्य प्रयास प्रभावित क्षेत्र में विकास करना, आदिवासी क्षेत्र की सामाजिक , सांस्कृतिक और आर्थिक विकास के कार्य करना है। साथ ही साथ जो युवा नक्सलवादी विचारधारा छोड़कर पुनर्वासित हुए है उनके लिए कार्य कर रही है और उनके सर्वांगीण विकास की योजना आगे बढ़ा रही है। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने युवाओं को भड़काने वाले नक्सली नेताओं से पूछा है कि चीन जैसे देशों में भी माओवाद है लेकिन वहां सामाजिक धार्मिक आर्थिक और व्यक्तिगत स्वतंत्रता शून्य है क्या वे ऐसा राज्य चाहते हैं। विजय शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ की पुनर्वास नीति बहुत ही अच्छी है लेकिन उसे बेहतर बनाने के लिए किसी भी राज्य में जाकर अध्ययन करने को तैयार है परंतु मुख्य विषय यह है की ना अधिकारियों को समर्पण करना है ,ना पत्रकारों को, ना शासन में बैठे लोगों को और ना आमजनों को, समर्पण माओवादियों को करना है और यह पहल उन्हीं के लिए है कि वह स्वयं बताएं कि उनके पुनर्वास नीति क्या होनी चाहिए।

## पिछले 10 वर्षों से कोटा से लापता हैं 3 छात्र, जानकारी देने वालों को मिलेंगे 20 हजार

**कोटा, एजेंसी।** कोचिंग हब माने जा रहे कोटा से आए दिन छात्र आत्महत्या की घटनाएं सामने आती रहती हैं। यही नहीं छात्रों के लापता होने के मामले भी सामने आते रहते हैं। इनमें से कुछ मामलों में पुलिस को सफलता मिलती है जबकि कुछ केस आज तक अनसुलझे हैं। कोटा पुलिस ने ऐसे मामलों को सुलझाने के लिए अब एक नई तरकीब निकाली है। अब कोटा पुलिस ने बीते 10 वर्षों से लापता तीन छात्रों की जानकारी देने वालों को 20-20 हजार रुपये का इनाम देने की घोषणा की है। आज भी इन बच्चों के माता-पिता इनके आने की राह देख रहे हैं। कोटा पुलिस बीते 10 वर्षों से गुमशुदा इन तीन कोचिंग छात्रों को तलाश करने में नाकाम रही है। कोटा सिटी एसपी डॉ. अमृता दूहन ने सोमवार को तीनों छात्रों के बारे में सूचना देने वालों को 20-20 हजार रुपये इनाम देने की घोषणा की। उन्होंने बताया कि कोटा में छात्रों की समस्या और उनकी सुरक्षा को लेकर पुलिस लगातार प्रयास कर रही है। मौजूदा वक्त में कोटा पुलिस छात्रों की सुरक्षा की नियमित मॉनिटरिंग कर रही है। छात्रों की तलाश के लिए टीमें भी बनाई गई हैं। उल्लेखनीय है कि कोटा के कोचिंग संस्थानों में डॉक्टरी, इंजीनियरिंग परीक्षाओं के अलावा आईएएस, आईपीएस की तैयारी भी कराई जाती है।

# अग्निपथ योजना में हो सकते हैं बदलाव, अग्निवीरों पर सर्वे करा रही है सेना

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय सैन्य सेवाओं में भर्ती की नई व्यवस्था अग्निपथ योजना में बदलाव हो सकते हैं। हालांकि, इसे लेकर सरकार या सेना की ओर से आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है। खबरें हैं कि सेना एक आंतरिक सर्वे करा रही है, जिसमें अग्निवीरों से जुड़े सवाल पूछे जा रहे हैं। इसका मकसद भर्ती प्रक्रिया पर योजना के असर को जानना है। संभावनाएं हैं कि सर्वे इस महीने के अंत तक खत्म हो सकता है।

इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के अनुसार, सेना एक आंतरिक सर्वे करा रही है, जिससे मिलने वाली जानकारी के आधार पर आने वाली सरकार के सामने योजना में कुछ बदलाव की सिफारिशें की जा सकती हैं। रिपोर्ट के अनुसार, अधिकारियों का कहना है कि सेना के सर्वे में अग्निवीरों, भर्ती और ट्रेनिंग स्टाफ समेत सभी हितधारकों से कुछ जानकारियां मांगी गई हैं।

अखबार से बातचीत में अधिकारियों ने कहा कि हर समूह के जवाबों को इस महीने के अंत तक जुटाया जाएगा। इसके बाद आंकलन के लिए अगली प्रक्रिया शुरू होगी। अधिकारियों का कहना है कि करीब 10 सवाल तैयार किए गए हैं, जो सर्वे में शामिल लोगों से पूछे जाने हैं।

क्या पूछा जाएगा रिपोर्ट के अनुसार, भर्ती करने की प्रक्रिया में शामिल लोगों को यह बताना होगा कि अग्निवीर सेना में क्यों शामिल होंगे। साथ ही यह जानकारी भी देनी होगी कि वह सेना का हिस्सा बनने के लिए कितने उत्साहित हैं। इसके अलावा उन्हें आवेदक कैसे हैं, शहरी और



ग्रामीण क्षेत्र के आवेदक ऑनलाइन एंट्रेस एग्जाम को लेकर किस तरह की प्रक्रियाएं दे रहे हैं, जैसी जानकारियां भी देनी होंगी। खास बात है कि रिक्रूटमेंट में शामिल लोगों को यह भी बताना होगा कि योजना के लागू होने के बाद सेना में भर्ती पर कुल क्या असर पड़ा है। इससे जुड़े कुछ सवाल पूछे जाएंगे। अग्निवीरों और पुराने सैनिक रिपोर्ट के मुताबिक, यूनिट और सब यूनिट कमांडरों को अग्निवीरों और इस योजना से पहले आए सैनिकों के प्रदर्शन पर भी फीडबैक देना होगा। साथ ही यह भी बताना होगा कि उन्होंने अग्निवीरों में कौन सी सकारात्मक या नकारात्मक बातों को देखा है। खबर है कि इन जानकारियों के आधार पर सेना योजना में कुछ बदलावों की सिफारिश कर सकती है। अग्निपथ योजना जून 2022 में सरकार ने अग्निवीरों की भर्ती के लिए अग्निपथ योजना की शुरुआत की थी। इसके तहत सैन्य सेवाओं में चार साल के लिए भर्ती की जाएगी। 4 सालों का कार्यकाल पूरा होने के बाद 25 फीसदी अग्निवीर अपनी इच्छासे सेवाओं में शामिल होने के लिए आवेदन दे सकते हैं। खास बात है कि योजना लागू होने के बाद से ही इसपर सियासी चर्चाएं भी जारी हैं। लोकसभा चुनाव 2024 में भी यह मुद्दा बना है।

## कथावाचक प्रदीप मिश्रा की चुनाव आयोग से शिकायत, चुनाव तक कथाओं पर रोक लगाने की मांग

**सीहोर, एजेंसी।** कांग्रेस ने मध्यप्रदेश के सीहोर स्थित कुबरेश्वर धाम के प्रसिद्ध शिव कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा की शिकायत चुनाव आयोग से की है। इस बारे में जिला कांग्रेस के पूर्व महासचिव पंकज शर्मा ने बुधवार को भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त के नाम पर एक पत्र जिला कलेक्टर कार्यालय को सौंपा। पत्र में चुनाव आयोग से शिकायत करते हुए आरोप लगाया गया है कि पंडित मिश्रा मंच से विशेष पार्टी ओर नेताओं का प्रचार कर रहे हैं। वे भाजपा नेताओं को मंच पर बुलाकर जनता को गुमराह करते हैं। पत्र में उन पर आचार संहिता उल्लंघन का केस दर्ज करने की मांग भी की गई है। चुनाव आयोग से कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा की शिकायत करते हुए कांग्रेस नेता पंकज शर्मा ने उन पर आरोप लगाया कि वे अपनी कथाओं के मंच से पार्टी विशेष का प्रचार कर रहे हैं। वे एक नेता का नाम लेकर लोकसभा चुनाव में उनके दल को वोट देने की अपील कर रहे हैं। उन्होंने पं. मिश्रा पर धर्म का राजनीतिकरण करने का आरोप भी लगाया। अपने आरोपों के समर्थन में



शर्मा ने महाराष्ट्र के परतवाड़ा में 6 मई को हुई कथा का वीडियो भी सौंपा। इस मामले को लेकर शर्मा ने कहा, पंडित मिश्रा खुलेआम कानून का उल्लंघन करते हुए आचार संहिता की धज्जियां उड़ा रहे हैं। वे पहले भी देश के संविधान को बदलने, लोकतंत्र को खत्म करने और हिंदू राष्ट्र बनाने जैसे बयान देते रहे हैं। उनका देश के लोकतंत्र और संविधान में कोई विश्वास नहीं है। वे जानबूझकर कथाओं में भाजपा नेताओं को बुलाकर जनता को गुमराह करने का काम करते हैं। उन्होंने आरोप लगाए हुए कहा कि कथा के दौरान मिश्रा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा का नाम लेकर उनके लिए वोट मांगे। यह चुनाव आयोग के निर्देशों का उल्लंघन और संविधान विरोधी हरकत है। इसी कथा के आखिरी दिन 12 मई को महाराष्ट्र के अमरावती से निर्दलीय सांसद और भाजपा की लोकसभा प्रत्याशी नवनीत राणा ने भी धर्म के नाम पर वोट मांगे थे। इस दौरान पंकज शर्मा ने कहा कि परतवाड़ा की कथा में मिश्रा ने भाजपा प्रत्याशी नवनीत राणा को बुलाकर धर्म का राजनीतिकरण किया। शर्मा ने बताया कि निर्वाचन आयोग को धर्म का राजनीतिकरण करने को लेकर कथावाचक को सार्वजनिक रूप से माफी मांगने का निर्देश देना चाहिए। साथ ही राणा का नामांकन पत्र खारिज भी करना चाहिए। कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा की तरफ से विठलेश सेवा समिति ने आरोपों का जवाब दिया। समिति के समीर शुक्ला ने कहा, पंडित जी ने किसी पार्टी विशेष को वोट देने के लिए नहीं कहा था। उन्होंने कहा था कि सनातन के लिए मतदान कीजिए।

## सांसद प्रज्वल रेवन्ना की बढ़ेंगी मुश्किलें, ऐक्शन ले सकता है विदेश मंत्रालय

**बेंगलुरु, एजेंसी।** हजारों महिलाओं के यौन उत्पीड़न के आरोप झेल रहे सांसद प्रज्वल रेवन्ना की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। नेता को पहले ही जेडीएस पार्टी से निलंबित कर चुकी है और कर्नाटक की सिद्धारमैया सरकार द्वारा गठित एसआईटी उनके खिलाफ जांच कर रही है। अब कांग्रेस सरकार ने मोदी सरकार को पत्र लिखकर रेवन्ना का राजनयिक पासपोर्ट रद्द करने की मांग की है। सूत्रों के अनुसार, विदेश मंत्रालय सिद्धारमैया सरकार के अनुरोध पर विचार कर रहा है। मामले की जानकारी रखने वालों लोगों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि प्रज्वल रेवन्ना का पासपोर्ट रद्द करने की मांग करने वाला कर्नाटक सरकार का पत्र मंगलवार को विदेश मंत्रालय को मिल गया है। हालांकि यह जानकारी नहीं मिल पाई है कि पासपोर्ट रद्द करने की प्रक्रिया में कितना समय लगेगा। इस मामले में कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर का कहना है कि राज्य सरकार ने केंद्र से हासन से सांसद रेवन्ना का राजनयिक पासपोर्ट रद्द करने का आग्रह किया है। रेवन्ना जेडीएस प्रमुख और पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पोते हैं। जर्मनी भाग गए हैं रेवन्ना इससे पहले 2 मई को विदेश मंत्रालय ने स्वीकार किया था कि रेवन्ना ने राजनयिक पासपोर्ट पर जर्मनी की यात्रा की। हालांकि अधिकारियों के अनुसार, रेवन्ना को वीजा उपलब्ध कराने में विदेश मंत्रालय की कोई भूमिका नहीं थी। मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर



जयसवाल ने कहा था कि नियमों के अनुसार, पासपोर्ट केवल अदालत के निर्देश पर ही रद्द किये जा सकते हैं। विदेश मंत्रालय ने यह भी कहा था कि राजनयिक पासपोर्ट धारकों को जर्मनी की यात्रा के लिए वीजा की आवश्यकता नहीं है। इसलिए यह सवाल ही नहीं उठता कि कोई वीजा नोट जारी किया गया था। हजारों महिलाओं से रेप और यौन उत्पीड़न का आरोप 33 वर्षीय प्रज्वल रेवन्ना के लोकसभा चुनाव के बीच हजारों वीडियो क्लिप सामने आए थे। रेवन्ना पर अपने घर काम करने वाली नौकरानियों के साथ रेप करने और उन्हें धमकाने के आरोप लगे। वीडियो के बाद कई महिलाएं भी सामने आईं और आरोप लगाया कि रेवन्ना ने उनके साथ कई बार गलत काम किया है। ये वीडियो पेन ड्राइव के जरिए हासन लोकसभा में लोगों के बीच बांटे गए, तब जब एक दिन बाद इस सीट पर मतदान किया जाना था।

## दिल्ली समेत 5 राज्यों में 26 मई तक जारी रहेगी भीषण गर्मी, दक्षिण में भारी बारिश की चेतावनी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने कहा कि दिल्ली, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा और मध्य प्रदेश में 26 मई तक भीषण गर्मी जारी रहेगी, कम से कम अगले चार दिनों तक भीषण गर्मी से कोई राहत नहीं मिलेगी। बुधवार को देश के बड़े हिस्से में भीषण गर्मी ने झुलसा दिया, वहीं राजस्थान के बाड़मेर में पारा 48 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जो इस साल अब तक का सबसे अधिक तापमान है।

आईएमडी के आज जारी नवीनतम मौसम बुलेटिन के अनुसार, गुरुवार से 26 अप्रैल तक पूर्वी और पश्चिमी राजस्थान, पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में लू से लेकर गंभीर लू चलने की संभावना है। इस बीच दिल्ली और मध्य प्रदेश में शुक्रवार से 26 अप्रैल तक भीषण गर्मी रहेगी. गुरुवार को दिल्ली में अधिकतम तापमान 43.4 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना है, जो औसत से तीन डिग्री अधिक है, जबकि न्यूनतम तापमान 30.9 डिग्री रहने की संभावना है, जो सामान्य से चार डिग्री अधिक है। लगातार गर्मी के परिणामस्वरूप, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, गुजरात और मध्य प्रदेश में कम से कम 24 स्थानों पर बुधवार को अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस या उससे ऊपर दर्ज किया गया। जबकि सबसे अधिक अधिकतम तापमान राजस्थान



के बाड़मेर में 48 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, हरियाणा का सिरसा 47.7 डिग्री के साथ दूसरे स्थान पर रहा, इसके बाद पंजाब का भटिंडा 46.6 डिग्री रहा; गुजरात के कांडला में 46.1 डिग्री; मध्य प्रदेश के रतलाम और उत्तर प्रदेश के झांसी में तापमान 45 डिग्री; और महाराष्ट्र के अकोला में 44.8 डिग्री. मौसम विभाग ने राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली और पश्चिम उत्तर प्रदेश के लिए लाल चेतावनी जारी की है, जिसमें सभी उम्र के लोगों में गर्मी से होने वाली बीमारियों और हीटस्ट्रोक की बहुत अधिक संभावना पर जोर दिया गया है।

**दक्षिण भारत में भारी बारिश का अनुमान :** आईएमडी ने गुरुवार को केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक और पुडुचेरी में भारी से बहुत भारी बारिश की भविष्यवाणी की है। मौसम कार्यालय ने अगले सात दिनों तक अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में भारी बारिश की भी भविष्यवाणी की है।

केरल में मूसलाधार बारिश के परिणामस्वरूप, जो शनिवार तक जारी रहने की उम्मीद है, मौसम कार्यालय ने पथानामथिट्टा, अलाप्पुझा, कोट्टायम, एर्नाकुलम और इडुक्की जिलों के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। आईएमडी ने कहा कि इस बीच, तिरुवनंतपुरम, कोल्लम, मलप्पुरम, कोझिकोड और वायनाड ऑरेंज अलर्ट के तहत हैं, जबकि कन्नूर और कासरगोड येलो अलर्ट पर हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### मेक्सिको में राष्ट्रपति चुनाव प्रचार रैली दौरान हवा के झोंके से ढह गया मंच, बच्चे सहित 9 लोगों की मौत व 50 घायल

**गार्सिया, एजेंसी।** सैन पेड्रो गार्ज़ा गार्सिया में राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार जॉर्ज अल्वारेज़ मेनेज़ के लिए एक कार्यक्रम में हवा के कारण मंच का एक हिस्सा गिर गया। स्थानीय अधिकारियों ने कहा है कि मैक्सिकन राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार जॉर्ज अल्वारेज़ मेनेज़ के लिए एक अभियान कार्यक्रम में एक मंच की संरचना गिरने से पांच लोगों की मौत हो गई और कम से कम 50 अन्य घायल हो गए। मेक्सिको के राष्ट्रपति आंद्रेस मैनुअल लोपेज़ ओब्रेडोर ने कहा कि उत्तरी राज्य नुएवो लियोन के सैन पेड्रो गार्ज़ा गार्सिया शहर में हवा के झोंके के कारण दुर्घटना हुई। मेनेज़ ने कहा कि जिस मंच पर वह समर्थकों को संबोधित कर रहे थे उसका एक हिस्सा ढह जाने के बाद उन्हें कुछ देर के लिए अस्पताल जाना पड़ा। मेक्सिको के सामाजिक सुरक्षा संस्थान के निदेशक ने बताया कि स्थानीय क्लीनिकों में दर्जनों लोगों का इलाज किया जा रहा है। मेनेज़ ने कहा मैं ठीक हूं और जो कुछ हुआ उस पर आगे की कार्रवाई के लिए राज्य के अधिकारियों से संपर्क में हूं। अभी एकमात्र महत्वपूर्ण बात दुर्घटना के पीड़ितों की देखभाल करना है, मेनेज़ ने कहा, उन्होंने चुनाव अभियान गतिविधियों को निलंबित कर दिया है। सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए दुर्घटना के वीडियो में मेनेज़ को अपनी भुजाएं लहराते हुए दिखाया गया है और भीड़ उनके नाम के नारे लगा रही है, इससे पहले उन्होंने ऊपर देखा तो एक विशाल स्क्रीन और धातु की संरचना उनकी ओर गिर रही थी। मंच का एक हिस्सा गिरते ही राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार सुरक्षा के लिए भागे।

### चीन के हार्बिन शहर में इमारत में विस्फोट से एक की मौत, तीन घायल

**बीजिंग, एजेंसी।** उत्तर-पूर्वी चीन के हार्बिन शहर में एक इमारत में बृहस्पतिवार सुबह हुए एक विस्फोट में एक महिला की मौत हो गई और तीन लोग घायल हो गए। सरकारी मीडिया ने यह जानकारी दी। हार्बिन चीन के उत्तर-पूर्वी प्रांत हेइलोंगजियांग की राजधानी है। सोशल मीडिया में जारी वीडियो में हार्बिन में पांच मंजिला इमारत का कुछ हिस्सा क्षतिग्रस्त नजर आ रहा है और एक मकान की बालकनी विस्फोट से पूरी तरह उड़ गई। अधिकारियों ने स्थानीय मीडिया को बताया कि विस्फोट एक नेचुरल गैस टैंक से होने का संदेह है। 'जिमू न्यूज के अनुसार विस्फोट से एक महिला की मौत हो गई वहीं तीन लोग घायल हो गए। इंटरनेट पर सामने आए एक वीडियो में एक व्यक्ति को एंबुलेंस से ले जाते हुए देखा जा सकता है, वहीं सड़कों पर मलबे का ढेर लगा है। सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने अपनी एक खबर में बताया कि विस्फोट सुबह लगभग सात बजे हुआ।

### श्रीलंकाई विदेश मंत्री की चीन को दो टूक- हमारे लिए भारत की सुरक्षा बेहद जरूरी

**काबुल, एजेंसी।** श्रीलंका के विदेश मंत्री अली साबरी का भारत और चीन को लेकर बड़ा बयान सामने आया है। अली साबरी ने कहा कि चीन इस वक्त भारत का सबसे बड़ा ट्रेडिंग पार्टनर है। हम भी इसी तरह दूसरे देशों के साथ मिलकर काम करना चाहते हैं। श्रीलंका ने कहा है कि भारत की सुरक्षा उनके लिए बेहद जरूरी है। एक इंटरव्यू में साबरी ने पर निशाना साधते हुए दो टूक शब्दों में कहा कि उनका देश भारत की सुरक्षा को लेकर प्रतिबद्ध है। साबरी ने कहा कि एक जिम्मेदार पड़ोसी के तौर पर न से रिश्ते अपनी जगह हैं लेकिन वह किसी को भी भारत को नुकसान पहुंचाने नहीं देंगे और चीन से रिश्ते बनाने से परहेज करेंगे। भारत की चिंता हमारे लिए बेहद अहम है। हमने इसके लिए अब एक स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर बनाया ह।
और इसे बनाते वक्त भारत सहित दूसरे दोस्तों से सलाह भी ली । सुरक्षा को लेकर भारत की चिंता सही है और हमारे लिए बहुत जरूरी भी है। हम अपने क्षेत्र को शांति का जोन बनाना चाहते हैं। श्रीलंका के पोर्ट पर रुकने वाले चीन के रिसर्च जहाजों से जुड़े सवाल पर साबरी ने कहा- हम सभी देशों के साथ मिलकर काम करना चाहते हैं, लेकिन इसके लिए हम किसी दूसरे देश की सुरक्षा को ताक पर नहीं रखेंगे। अगर भारत इस मामले में अपनी सुरक्षा को लेकर सवाल उठाएगा, तो हम उस पर जरूर ध्यान देंगे। हम किसी को भी उन्हें चोट नहीं पहुंचाने देंगे।

### एक साल के बच्चे की कार्डियक अरेस्ट से मौत; मां के प्रेमी पर हत्या का आरोप, शरीर पर थीं गंभीर चोटें

**ओहियो, एजेंसी।** अमेरिका के ओहियो में एक साल के बच्चे की कार्डियक अरेस्ट से मौत हुई। उसके शरीर पर कई गंभीर चोटें भी थीं। आरोप है कि बच्चे की मां के बॉयफ्रेंड ने उसको मारा था। 23 वर्षीय एडवर्ड मुरे और अमिनाता कीता पिछले तीन माह से एक दूसरे का डेट कर रहे हैं। अमिनाता कीता एक साल के बच्चे करीम की मां भी हैं। यह मामला 1 मई का है। जब एक साल के करीम कीता को अस्पताल में भर्ती करवाया गया। उसके शरीर पर काफी गंभीर चोट थीं, जिन्हें देखकर डॉक्टर भी हैरान थे। इलाज 5 मई तक चला लेकिन करीम की कार्डियक अरेस्ट से मौत हो गई। सिनसिनाटी के जिस अस्पताल में उसे भर्ती किया गया। वहां के डॉक्टर ने बताया कि करीम के मस्तिष्क में चोट थी, लीवर खराब हो गया था, पसली टूटी हुई थीं, आंखों से खून बह रहा था, सर में सूजन थी। जो कि कार्डियक अरेस्ट की निशानी है। डॉक्टर ने यह भी कहा कि एक साल के बच्चे को ऐसी चोटें तभी आ सकती हैं, जब उस पर हिंसक प्रहार किया गया हो, उन्होंने करीम की मौत को हत्या बताया। बयानों के आधार पर एडवर्ड को हिरासत में लिया गया था।

# राष्ट्रपति रईसी के जनाजे में लगे 'इजराइल की मौत के नारे, फफक कर रोए सर्वोच्च नेता खामनेई

**तेहरान, एजेंसी।** ईरान में हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मारे गए देश के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी, विदेश मंत्री हुसैन आमिर अब्दुल्लाहियन और अन्य अधिकारियों के जनाजे की नमाज देश के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामनेई की अगुवाई में बुधवार को अदा की गई। इके बाद उनके पार्थिव शरीर के साथ राजधानी तेहरान में निकाले गए जुलूस में हजारों लोग शामिल हुए। ईरान के बिरजंद में रईसी को सैन्य मार्च के साथ सम्मान दिया गया । ईरान के शिया धर्म आधारित शासन में बड़े पैमाने पर प्रदर्शन को उसकी वैधता एवं जनसमर्थन के सबूत के तौर पर पेश किया जाता है। इस बीच भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ तेहरान पहुंचे और एक आधिकारिक शोक समारोह में हिस्सा लिया। राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी और अन्य के लिए बुधवार अदा की गई जनाजे की नमाज में भीड़ 2020 में बगदाद में अमेरिकी ड्रोन हमले में मारे गए रिवोल्यूशनरी गार्ड के जनरल कासिम सुलेमानी की जनाजे की नमाज से कम बताई जा रही है। जनाजे की नमाज में शामिल कई लोगों ने कहा कि वे इस्लामिक गणराज्य के अन्य शहरों और कस्बों से तेहरान आए हैं। सुलेमानी के लिए सार्वजनिक रूप से फफक पड़े सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई भी रईसी सहित अन्य मृतकों की नमाज जनाजा की अगुवाई करते हुए शांत दिखे। खामनेई ने नमाज के दौरान अरबी में कहा, ''हे अल्लाह, हमने उनकी अच्छाई के अलावा कुछ नहीं देखा। इसके तुरंत बाद वह चले गए और अंदर मौजूद लोग ताबूतों को छूने के लिए उमड़ पडे। ईरान के कार्यवाहक



राष्ट्रपति मोहम्मद मोखबर पास में ही खड़े रहे और इस दौरान उन्हें रोते हुए देखा गया। हेलीकॉप्टर दुर्घटना में रविवार को रईसी, विदेश मंत्री आमिर अब्दुल्लाहियन और छह अन्य की मौत ईरान के लिए घरेलू और विदेश दोनों ही स्तर पर राजनीतिक रूप से संवेदनशील क्षण है। तेहरान विश्वविद्यालय में मृतकों के ताबूत रखे गए। ये ताबूत ईरानी ध्वज में लिपटे हुए हैं और ताबूतों पर नेताओं की तस्वीरें लगायी गयी हैं।

**ताबूत पर रखी गई काली पगड़ी :** दिवंगत राष्ट्रपति रईसी के ताबूत पर एक काली पगड़ी रखी गई जो उनके इस्लाम के पैगंबर मोहम्मद का वंशज होने का संकेतक है। इसके बाद लोग अपने कंधों पर ताबूत लेकर चले और बाहर नारे लगाए, ''अमेरिका की मौत। इसके बाद उन्होंने तेहरान के पुराने इलाके से होकर आजादी या 'फ्रीडम चौक तक जनाजा निकालने के लिए एक ट्रक ट्रेलर में ताबूत रखे। रईसी ने इस चौक पर भाषण दिए थे। इस सभा में ईरान के अर्द्धसैन्य बल रेवोल्यूशनरी गार्ड के शीर्ष नेता भी शामिल हुए। साथ ही हमास का इस्माइल हानियेह भी शामिल हुआ। ईरान, गाजा पट्टी में जारी इजराइल-हमास युद्ध के दौरान इस आतंकवादी समूह का समर्थन कर रहा है और उसे हथियार मुहैया करा रहा है।

**मिस्त्र के विदेश मंत्री समेह शौकरी भी पंहुचे :** अंतिम संस्कार की प्रक्रिया शुरू करने से पहले भीड़ का नेतृत्व कर रहे एक अधिकारी ने नारा लगाया, ''इजराइल की मौत। हानियेह ने भीड़ में एकत्रित लोगों से कहा, ''मैं हमारी संवेदनाएं व्यक्त करने के लिए फिलीस्तीनी लोगों, गाजा के प्रतिरोधी गुटों की ओर से आया हूं। रईसी के अंतिम संस्कार में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुतक्की समेत तालिबान के एक प्रतिनिधिमंडल के शामिल होने की संभावना है। ईराक के प्रधानमंत्री मोहम्मद शिया अल सूडानी भी श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शामिल होने के लिए रवाना हो गए हैं। आर्मीनिया के प्रधानमंत्री निकोल पशिनयान भी कार्यक्रम में शामिल होंगे। यहां तक कि मिस्त्र के विदेश मंत्री समेह शौकरी ने भी 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद देशों के बीच राजनयिक संबंध विच्छेद होने के बावजूद तेहरान आए हैं।

**छाती पीटकर मातम मनाते दिखे लोग :** जनाजे में शामिल लोग सार्वजनिक रूप से रोकर और अपनी छाती पीटकर मातम मनाते दिखे, जो शिया संस्कृति में दुःख व्यक्त करने का एक सामान्य तरीका है।उन्होंने तेहरान के जिस रास्ते से ताबूत रखा ट्रक गुजरा उस रास्ते को अपने स्कार्फ उछाला और ट्रक में मौजूद लोग इनसे आशीर्वाद स्वरूप ताबूत पोंछ रहे थे। एक व्यक्ति ने कहा कि उसने और उसके दोस्तों ने जनाजे में शामिल होने के लिए लगभग सात घंटे की बस यात्रा की। रईसी सहित मारे गए नेताओं के प्रति कई लोगों ने संवेदना प्रकट की। पुलिस द्वारा हिरासत में लिए जाने के जोखिम के बावजूद ढीला हिजाब पहनी 27 वर्षीय महिला सिमा रहमानी ने कहा, ''वह हमारे राष्ट्रपति थे, अन्य पायलट और एक मंत्री थे, मैं उनके जाने से हुई क्षति के प्रति कैसे उदासीन रह सकती हूं।

**अधिकारी ने दुर्घटना के संबंध में रखा नया पक्ष :** इस बीच, ईरान के एक अधिकारी ने रविवार को हुई दुर्घटना के संबंध में एक नया पक्ष रखा है, जिससे इस बात को बल मिला है कि खराब मौसम के कारण ही यह हादसा हुआ।

## फिलिस्तीनी राज्य को मान्यता देना आतंकवाद के लिए इनाम जैसा : नेतन्याहू

**तेल अवीव, एजेंसी।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने नॉर्वे, आयरलैंड और स्पेन द्वारा घोषित एक स्वतंत्र फिलिस्तीनी राज्य की मान्यता के खिलाफ चेतावनी दी है। नेतन्याहू ने बुधवार को एक बयान में कहा, फिलिस्तीनी राज्य को मान्यता देने का कई यूरोपीय देशों का इरादा है जो आतंकवाद का इनाम है। उन्होंने जोर देकर कहा, यहूदिया और सामरिया (वेस्ट बैंक) में 80 प्रतिशत फिलिस्तीनी 7 अक्टूबर के भयानक नरसंहार का समर्थन करते हैं। इस बुराई को कोई राज्य नहीं दिया जा सकता। इजरायली प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा, यह एक आतंकवादी राज्य होगा। यह 7 अक्टूबर के नरसंहार को बार-बार दोहराने की कोशिश करेगा, मगर हम इसके लिए सहमत नहीं होंगे। नेतन्याहू ने कहा, आतंकवाद को पुरस्कृत करने से शांति नहीं आएगी और न ही यह हमें हमास को हराने से रोकेगा। इजरायल-फिलिस्तीनी संघर्ष के दो-राज्य समाधान में एक स्वतंत्र फिलिस्तीनी राज्य की परिकल्पना की गई है जो इजरायल के साथ शांतिपूर्वक रहे। नेतन्याहू दो-राज्य समाधान का विरोध करते हैं, जिसके लिए फिलिस्तीनी इस्लामवादी हमास आंदोलन कर रहा है। फिलिस्तीनियों के साथ संबंधों के लिए अधिक सौहार्दपूर्ण दृष्टिकोण के लिए इजरायली प्रधानमंत्री को अपने अति-दक्षिणपंथी गठबंधन सहयोगियों से बहुत कम समर्थन मिलेगा। आलोचकों ने नेतन्याहू पर बार-बार गाजा पट्टी में हमास के उत्थान को बर्दाश्त करने या उसे प्रोत्साहित करने का आरोप लगाया है। राष्ट्रपति महमूद अब्बास के अधिक उदार फतह के प्रतिद्वंद्वी के रूप में इसने फिलिस्तीनी राज्य को रोकने के लिए फिलिस्तीनी लोगों को विभाजित किया है। कई दक्षिणपंथी इजरायली फिलिस्तीनी राज्य को इजरायल के लिए एक असहनीय सुरक्षा जोखिम मानते हैं।



## इजरायली महिला सैनिकों के अपहरण का वीडियो सामने आया

**तेल अवीव, एजेंसी।** हमास द्वारा 7 अक्टूबर को किए गए नरसंहार के दौरान पांच इजरायली महिला सैनिकों के अपहरण का वीडियो फुटेज जारी किया गया है। युवा महिलाओं के माता-पिता इस उम्मीद में बुधवार को वीडियो जारी करने पर सहमत हुए कि भयावह छवियां इजरायल और फिलिस्तीनी इस्लामवादी हमास आंदोलन के बीच एक समझौते में उनकी बेटियों और अन्य बंधकों की रिहाई में योगदान दे सकती हैं। वीडियो में खून से लथपथ घायल युवतियों को भारी हथियारों से लैस आतंकवादियों के साथ देखा जा सकता है। ये युवतियां गाजा पट्टी सीमा क्षेत्र में सेना पर्यवेक्षकों के रूप में ड्यूटी पर थीं। वे डरी हुई हैं और उनके हाथ उनकी पीठ के पीछे बंधे हुए हैं। वीडियो में अपहरणकर्ता उन पर चिल्ला रहे हैं और उन्हें धमका रहे हैं। महिलाओं को पहले एक कमरे में रखा जाता है और फिर एक वाहन में ले जाया जाता है, जहां वे फर्श पर एक साथ लेट जाती हैं। बंधक परिवार फोरम ने एक बयान में कहा, यह वीडियो बंधकों को घर लाने में देश की विफलता का एक गंभीर प्रमाण है। इन्हें 229 दिनों बाद छोड़ा गया। बयान में कहा गया, फुटेज से पता चलता है कि अपहरण के दिन लड़कियों ने किस तरह का हिंसक, अपमानजनक और दर्दनाक व्यवहार सहा था, उनकी आंखें खौफ से भरी हुई थीं। वीडियो तीन मिनट से अधिक लंबा है। यह आतंकवादियों द्वारा लिए गए बॉडीकैम फुटेज का संकलन है। सबसे खराब दृश्य, जैसे लाशों के फुटेज और सबसे गंभीर हिंसा, कथित तौर पर नहीं दिखाए गए।

# इजराइल को नया झटका: कोलंबिया का फिलिस्तीनी में दूतावास खोलने का ऐलान, 100 से ज्यादा देश दे चुके मान्यता

**बोगोटा, एजेंसी।** कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने रामल्लाह में कोलंबियाई दूतावास की स्थापना का निर्देश दिया है, जिसकी पुष्टि विदेश मंत्री लुइस गिल्बर्टो मुरिलो ने की है।कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने बुधवार को घोषणा की कि वह फिलिस्तीनी प्राधिकरण की सरकार की रामल्ला में एक दूतावास खोलने का आदेश देंगे।

कोलंबिया के विदेश मंत्री लुइस गिल्बर्टो मुरिलो ने कहा, यह इज़राइल, इज़राइल के लोगों या यहूदियों के खिलाफ कुछ भी नहीं है। हमारा मानना है कि अधिक देश फ़िलिस्तीन को मान्यता देंगे। यह कदम नॉर्वे, स्पेन और आयरलैंड की घोषणा के बाद आया है कि वे फिलिस्तीनी राज्य की औपचारिक मान्यता का विस्तार करने का इरादा रखते हैं, जिसकी इज़राइल और विदेशों में निंदा हुई है।

कोलंबिया और सभी दक्षिण अमेरिकी देशों सहित 100 से अधिक देश फिलिस्तीनी राज्य को मान्यता देते हैं, हालाँकि अधिकांश पश्चिमी देशों की दीर्घकालिक नीति यह है कि राज्य का दर्जा इजराइल के साथ बातचीत पर निर्भर है। कोलंबिया ने इस महीने की शुरुआत में गाजा पट्टी में इजरायल-हमास युद्ध के दौरान फिलीस्तीनी लोगों के कथित नरसंहार का हवाला देते हुए इजरायल के साथ संबंध तोड़ दिए थे। इजराइल ने कोलंबिया के इजराइल के संबंध में कूटनीतिक कदमों को अपमानजनक बताया।



कोलंबिया का यह ऐलान तीन देशों के उस फैसले के ठीक बाद आया है, जिसमें फिलिस्तीन को मान्यता देने का ऐलान किया गया है। स्पेन, आयरलैंड और नॉर्वे का कहना है कि वे फिलिस्तीन को मान्यता देंगे। नॉर्वे का कहना है कि 28 मई को कैबिनेट की मीटिंग होगी, जिसमें फिलिस्तीन को मान्यता देने का प्रस्ताव पास किया जाएगा। इस तरह इजरायल को गाजा में चल रहे युद्ध के बीच दो दिन के अंदर ही दूसरा झटका लगा है। अब तक दुनिया के कुल 142 देश ऐसे हैं, जो फिलिस्तीन को मान्यता दे चुके हैं। हालांकि वैश्विक कूटनीति को ताक पर रखते हुए इजरायल लगातार हमले बोल रहा है। अब उसने गाजा के राफा शहर पर अटैक करना शुरू कर दिया है। इसे लेकर अमेरिका ने शुरुआती चिंता जताई थी, लेकिन अब उसका कहना है कि वह इजरायल के प्लान से संतुष्ट है। अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने कहा कि इजरायल ने उनके साथ राफा वाले प्लान को साझा किया है। इजरायल का कहना है कि राफा में आम लोगों को कम से कम नुकसान पहुंचाया जाएगा। इसके अलावा उनके निकलने की व्यवस्था होगी और वहां रह रहे लोगों के लिए सहायता पहुंचाने में भी मदद की जाएगी।

## अश्विन रामास्वामी ने जॉर्जिया प्रांत में जीता डेमोक्रेटिक प्राइमरी चुनाव, इन्हें रामायण-गीता में रुचि

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में इस साल आम चुनाव होने वाले हैं। जेन जेड भारतवंशी अश्विन रामास्वामी ने जॉर्जिया प्रांत में डेमोक्रेटिक प्राइमरी चुनाव जीत लिया है। हालांकि, भारतवंशी कांग्रेसी प्रमिला जयपाल की बहन सुशीला जयपाल ओरेगॉन राज्य में अपनी कांग्रेस की प्राइमरी दावेदारी हार गई हैं।

रामास्वामी को समुदाय के नए उभरते नेता के रूप में देखा जा रहा है रामास्वामी ने कहा कि मैं नवंबर में रिपब्लिकन सीनेटर शॉन स्टिल का सामना करूंगा। इसे जॉर्जिया का सबसे अस्थिर सीनेट सीट माना जाता है। अगर रामास्वामी चुनाव जीतते हैं, तो वे जॉर्जिया राज्य के अब तक के सबसे कम उम्र के निर्वाचित प्रतिनिधि होंगे। रामास्वामी को समुदाय के नए उभरते नेता के रूप में देखा जा रहा है। रामास्वामी के माता-पिता साल 1990 में तमिलनाडु से अमेरिका में आकर बस गए थे। जेन-जेड सोशल मीडिया से चर्चाओं में आया एक शब्द हैं, जिसका अर्थ है 1997 से 2012 के बीच जन्मा बालक या बालिका। रामास्वामी



चुनाव से पहले सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग, चुनाव सुरक्षा और प्रौद्योगिकी कानून और नीति अनुसंधान में अपना करियर बना चुके हैं। उपनिषद पढ़ने में रुचि है, गीता-रामायण पढ़ चुका एक बार पहले, रामास्वामी ने कहा था कि मेरे माता-पिता दोनों 1990 के दशक में अमेरिका आए थे। मेरी मां चेन्नई से हैं, मेरे पिता कोयंबटूर से हैं। मैं भारतीय और अमेरिकी संस्कृति के साथ बड़ा हुआ हूं। मैं एक हिंदू हूं। मुझे अपने पूरे जीवन में भारतीय संस्कृति दर्शन में बहुत रुचि रही है। मैं जब बड़ा हुआ तो चिन्मय मिशन बालाविहार गया, यहां मैंने रामायण, महाभारत और भगवदगीता जैसे महाकाव्यों को सीखा। जब मैं कॉलेज में था तो मैंने संस्कृत सीखी। मैंने सारे प्राचीन ग्रंथ पढ़े हैं। उपनिषद पढ़ने में मेरी बहुत रुचि हो गई। मेरा पूरा जीवन योग और ध्यान में रहा। अब यह ज्ञान में नए युवाओं तक पहुंचा रहा हूं। सुशीला को डेक्सटर ने दी मात वहीं, सुशीला जयपाल मैक्सिन डेक्सटर से प्राइमरी चुनाव हारी हैं। उन्होंने कहा कि मैंने फोन करके डेक्सटर को बधाई दी। मुझे अपने अभियान पर गर्व है। उनकी बहन प्रमिला ने कहा कि मुझे सुशीला पर गर्व है। हमें जो उम्मीद थी, उस अनुसार परिणाम नहीं मिले। उन्होंने अपना सब कुछ दांव पर लगा दिया था। बता दें, सुशीला दो बच्चों की मां हैं। प्रजनन अधिकारों, शिक्षा और आर्थिक न्याय को लेकर सुशीला काफी मुखर रही हैं। वे एक समर्पित सामुदायिक वकील और स्वयंसेवक थीं, जो कई स्थानीय बोर्डों में कार्यरत थीं।

## हेली ने कही ट्रंप को वोट देने की बात, उप राष्ट्रपति उम्मीदवार को लेकर चर्चा तेज

**वाशिंगटन, एजेंसी।** व्हाइट हाउस के रिपब्लिकन उम्मीदवार की रेस की प्राइमरी में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को सबसे बड़ी चुनौती देने वाली निक्की हेली ने बुधवार को कहा कि वह उनके लिए वोट करेंगी। भारतीय मूल की पूर्व राजनयिक ने हडसन इंस्टीट्यूट में कहा, मैं ट्रंप के लिए वोट करूंगी। उन्होंने इसके पीछे तर्क दिया, एक मतदाता के रूप में मेरी प्राथमिकता एक ऐसा राष्ट्रपति चुनने की होगी जो हमारे सहयोगियों की पीछे खड़ा हो और हमारे दुश्मनों की जिम्मेदारी तय करे। जो सीमा को सुरक्षित बनाए। एक राष्ट्रपति जो पूंजीवाद और स्वतंत्रता का समर्थन करे। एक राष्ट्रपति जो समझता हो कि हमें अपना कर्ज कम करना है। उन्होंने कहा, मैंने पहले भी साफ कहा है कि ट्रंप इन नीतियों में खरे नहीं हैं। लेकिन बाइडेन तो पूरी तबाही हैं।

हेली के इस बयान से उनके चुनाव में उप राष्ट्रपति उम्मीवार के तौर पर ट्रंप का साथी बनने की चर्चा तेज हो गई है। ट्रंप ने चुनाव में अपने साथी को लेकर कई लोगों के नाम लेकर विकल्प खुले रखे हैं, लेकिन हेली के नाम को सिरे से खारिज किया है। लेकिन जिस तरह हेली ने ट्रंप के बारे में अपने विचार बदले हैं, ट्रंप भी हेली के बारे में विचार कर सकते हैं। प्राइमरी के दौरान हेली ने उन्हें मानसिक रूप से दिवालिया तक कह दिया था। उन्होंने राष्ट्रपति पद के



उम्मीदवारों की दिमागी जांच की भी वकालत की थी क्योंकि ट्रंप ने एक बार हेली को नैंसी पोलिस कह दिया था जो प्रतिनिधि सभा की पूर्व डेमोक्रेटिक स्पीकर रह चुकी हैं।

मौजूदा राष्ट्रपति जो बाइडेन भी हेली के समर्थकों से उनके लिए वोट करने की उम्मीद लगाये हुए थे, लेकिन हेली के इस बयान के बाद ऐसा होने की संभावना बहुत कम हो गई है। ट्रंप को भी राष्ट्रपति पद तक पहुंचने के लिए और हेली के समर्थकों की जरूरत है। हेली के रेस से बाहर हो जाने के बावजूद उन्हें रिपब्लिकन प्राइमरी में 14 फीसदी वोट मिले हैं और ट्रंप ने अब तक संभावित उप राष्ट्रपति के रूप में जिन लोगों को अपना चुनावी साथी के विकल्प के तौर पर सामने रखा है उनमें हेली जैसा करिशमा नहीं है।

# पीएम सुनक ने ब्रिटेन में 4 जुलाई को मध्यावधि चुनाव का आह्वान किया, उपलब्धियां गिनाई

**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने बुधवार को जुलाई में समय से पहले आम चुनाव कराने का आह्वान कर सबको चौंका दिया। बीबीसी के मुताबिक, बारिश के बीच 10, डाउनिंग स्ट्रीट स्थित अपने आवास के बाहर पत्रकारों को संबोधित करते हुए पीएम सुनक ने कहा कि उन्होंने पहले किंग चार्ल्स से 30 मई को संसद भंग करने के लिए कहा था और इसकी अनुमति दे दी गई। अब तय हो गया कि चुनाव 4 जुलाई को होंगे। हालांकि चुनाव वर्ष के अंत में प्रस्तावित थे।

यह देखते हुए कि पिछले पांच वर्षों में देश को द्वितीय विश?व युद्ध के बाद सबसे चुनौतीपूर्ण समय से जूझते देखा गया है, सुनक ने अपनी घोषणा से पहले कैबिनेट बैठक की अध्यक्षता की। उन?होंने कहा कि देश ने उन चुनौतियों से लड़ाई लड़ी है और इससे उन्हें ब्रिटिश होने पर गर्व हुआ है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था अभी भी बढ़ रही है, मुद्रास्फीति सामान्य हो गई है, ब्याज दरें कम हो गई हैं और सरकार की योजना काम कर रही है। हालांकि, उन्होंने स्वीकार किया कि वह मानते हैं कि कई लोगों के लिए चीजें आसान नहीं हैं। हाल के काउंसिल चुनावों में कंजर्वेटिवों के निराशाजनक प्रदर्शन के मद्देनजर 14 साल बाद सत्ता में लौटने की कोशिश कर रही पुनर्जीवित लेबर पार्टी के बीच भारतीय मूल के सुनक ने लोगों से कहा कि अब सवाल यह है कि आप किस पर भरोसा करते हैं। उन्होंने कहा, यह ब्रिटेन के भविष्य का फैसला करने का समय है और यह तय करने का कि क्या आप अपने द्वारा बनाए गए भविष्य का



निर्माण करना चाहते हैं या उसी स्तर पर वापस जाने का जोखिम उठाना चाहते हैं। सुनक ने यह भी स्वीकार किया कि वह यह दावा नहीं कर सकते और न ही करेंगे कि सत्ता में रहते हुए उन्हें सब कुछ ठीक मिला, लेकिन उन्हें इस बात पर गर्व है कि उन्होंने क्या हासिल किया और भविष्य में क्या किया जा सकता है।

उन्होंने अपनी उपलब्धियों में एनएचएस को रिकॉर्ड फंडिंग देना, बच्चों की पढ़ाई के स्तर में सुधार करना, ऊर्जा सुरक्षा को पर्यावरण हठधर्मिता से ऊपर रखना और रक्षा खर्च बढ़ाना बताया। घोषणा पर प्रतिक्रिया देते हुए लेबर पार्टी के प्रमुख सर कीर स्टार्मर ने कहा कि यह एक ऐसा क्षण है, जिसकी देश को जरूरत है और वह इसका इंतजार कर रहा है।

उन्होंने चुनाव अभियान को बेहतर भविष्य सुरक्षित करने का अवसर बताते हुए कहा कि यह समुदायों और देश को बदलने का समय है। स्टार्मर ने कहा कि लेबर पार्टी पिछले कुछ वर्षों में बदल गई है और देश के लिए ऐसा करने का मौका मांगती है, यह वादा करते हुए कि वह ब्रिटेन को कामकाजी लोगों की सेवा में वापस लाएगी। उन्होंने वादा किया कि यह नदियों में सीवेज बहाए जाने, ए एंड ई में इलाज के लिए इंतजार कर रहे लोगों जैसी चीजों को उलट देगा और बढ़ती बंधक और खाद्य कीमतों की प्रवृत्ति को उलट देगा। स्टार्मर ने कहा, लेबर के लिए वोट स्थिरता के लिए वोट है, और एक ऐसी राजनीति के लिए वोट है जो हल्के ढंग से चलती है और अराजकता को रोकती है।

उन्होंने कहा, यह बदलाव का समय है। लिबरल डेमोक्रेट नेता, सर एड डेवी ने कहा कि आम चुनाव ऋषि सुनक की कंजर्वेटिव सरकार को सत्ता से बाहर करने और जनता जिस बदलाव की मांग कर रही है, उसे लाने का मौका होगा।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर

सीधी, शुक्रवार 24 मई 2024




जहां लोग आज क्रिकेट के दीवाने हैं वहीं दूसरी ओर विलुप्त हो रहे पुराने खेलों में भी रूचि दिखना शुरू हो गया है। हम बात कर रहें हैं कबूतर बाजी की, कबूतरबाजी प्रतियोगिता रीवा मे विगत दिनों सम्पन्न हुई। उसी अवसर का दृष्य।



## सदा सर्व के प्रति कल्याण की भावना रखना ही खुश रहने का आधार है : ब्रह्माकुमारीज



**रीवा।** टोंस जल विद्युत परियोजना सिरमौर में विशिष्ट कार्यशाला का आयोजन परियोजना प्रमुख अतिरिक्त मुख्य अभियंता के द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी निर्मला दीदी क्षेत्रीय संचालिका ब्रह्माकुमारीज ने कहा की खुश रहना मानव का पहला स्वभाव है खुश वहीं रह सकता है जो सबको खुशी देता है। हमारा पहला धर्म है स्वयं खुश रहना और सबको खुशी बांटते रहना ।यह ईश्वर का विधान है कि जो हम सभी को अविनाशी प्राप्तियां हमे प्राप्त हैं वह अपने संबंध संपर्क में आने वालों को निस्वार्थ भाव से देते जाते हैं तो वह बिना मूल्य के समय पर हमको वापस मिलता है ।हमें ईश्वर की ओर से परमात्म खजाने उपहार के रूप में बिना मूल्य के मिले हैं उन्हें हमको दान करना चाहिए ।हमें सम्मान चाहिए तो सभी को हम सम्मान करें ।

आपने बताया कि जो जो चीज हम दूसरों से अपेक्षा करते हैं वह स्वयं को देना सीख जाएंगे तो हमें सदा आनंद और खुशी का अनुभव होगा। हम अपने को सदा खुशनुमा आनंदित और भरपूर महसूस करेंगे और हमारा घर परिवार सदा स्वस्थ निरोगी और संपूर्ण संपन्न होगा। साथ ही किसी भी प्रकार का तनाव अनिश्चितता का माहौल और सभी प्रकार की बीमारियों से हम मुक्त रहेंगे। राजयोगिनी दीदी ने उपस्थित अधिकारियों और जन समुदाय को आह्वान किया कि प्रतिदिन सुबह आधे घंटे सुबह और शाम को मेडिटेशन करने से जीवन हमेशा हमेशा के लिए शक्तिशाली दिव्य और एक शक्तिशाली ऊर्जा से भरपूर वा संपन्न रहेगा । और कार्य की उत्कृष्टता और दक्षता भी सभी की बढ़ती जाएगी इस अवसर पर परियोजना प्रमुख टोंस जल विद्युत परियोजना की परियोजना प्रमुख एवं अतिरिक्त मुख्य अभियंता एस डी उपाध्याय ने कहा कि तनाव, अशांति मानसिक अस्वस्थता से कार्य की दक्षता में कमी आती है इसे समाप्त करने के लिए हमें ज्ञान की आवश्यकता बहुत अधिक है ।ऐसे में राजयोग मेडिटेशन एक बहुत ही कारगर विधि हमेशा ब्रह्माकुमारी संस्थान से प्राप्त हो सकती है ।मेरा ऐसा अनुभव है की सभी अधिकारी कर्मचारी मेडिटेशन करेंगे ,ज्ञान और ध्यान के प्रति रूचि रखेंगे तो स्वस्थ आनंद और खुशहाल जीवन की प्राप्ति अवश्य करेंगे। हम इसके लिए आगे कार्य योजना बना करके सभी अधिकारी कर्मचारी राज योग का कोर्स अवश्य करेंगे। इस अवसर पर श्रीमती एचडी उपाध्याय धर्मपत्नी परियोजना प्रमुख ने भी अपने अनुभवों को साझा किया ।

मध्य प्रदेश शासन के अधिमान्यता प्राप्त पत्रकार धर्मेंद्र पांडे जी ने कहा कि ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय एक दिव्य अलौकिक संस्थान है इसके अंतरराष्ट्रीय मुख्यालय माउंट आबू में कई बार राज योग शिविर अटेंड करने गया हूं ,यहां की योग और विधि यहां का खुशनुमा जीवन और यहां का ज्ञान हर मानव के लिए बहुत ही उपयोगी है जिसे सभी को आत्मसात और ग्रहण करना चाहिए ।इस अवसर पर ब्रह्माकुमारीज संस्थान की डॉक्टर बी के अर्चना बहन जी ने सभी को मेडिटेशन की विधि के बारे में अनुभव सुनाया ।इसके साथ ही परियोजना टोंस जल विद्युत परियोजना के अधीक्षण यंत्री श्री राकेश गुप्ता ने कहा कि मानव जीवन बहुमूल्य है इसे सभी को ज्ञान द्वारा, ध्यान द्वारा श्रेष्ठ बनाना चाहिए। हम सभी अपने अनुभव आगे बढ़ाएंगे ।इस अवसर पर चिकित्सा अधिकारी के रूप में एल एल ताम्रकार , परियोजना के सुरक्षा अधिकारी जेडी एच जाफरी ने अनुभव को साझा किया। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से राजयोगिनी दीदी निर्मला जी का परियोजना प्रमुख और अधिकारियों के द्वारा विशेष रूप से सम्मानित किया गया ।इसके पश्चात राजयोगिनीजी के द्वारा सभी अधिकारियों और प्रतिष्ठित नागरिकों का विशेष रूप से सम्मान किया गया। इसके साथ ही सिरमौर क्षेत्र में पिछले 30 वर्षों से मानव कल्याण हेतु सेवा दे रहे कैलाश तिवारी जी को विशेष रूप से सम्मानित किया गया । इस कार्यक्रम में इस कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी संस्थान की ओर से बीके नेहा बहन जी बीके सत्येंद्र भाई ने विशेष रूप से संबोधित किया ।कार्यक्रम का संचालन ब्रह्माकुमारी संस्थान के बीके प्रकाश ने किया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सिरमौर टॉस परियोजना के अनेक वरिष्ठ अधिकारी कर्मचारी एवं गणमान्य बुद्धिजीवी उपस्थित रहे कार्यक्रम के अंत में सभी को नशा मुक्त भारत बनाने की शपथ भी ब्रह्माकुमारीज संस्थान के द्वारा कराया गया।।

## मतगणना स्थल पर अधिकृत व्यक्ति ही पा सकेंगे प्रवेश

**रीवा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में रीवा संसदीय क्षेत्र के लिए मतगणना 4 जून को प्रात: 8 बजे से इंजीनियरिंग कालेज रीवा में आरंभ होगी। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि मतगणना स्थल पर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किये जा रहे हैं। मतगणना हाल के अंदर केवल अधिकृत व्यक्ति को ही प्रवेश दिया जाएगा। इनमें गणना पर्यवेक्षक और गणना सहायक, निर्वाचन आयोग द्वारा अधिकृत व्यक्ति, निर्वाचन के संबंध में कर्तव्यरूढ़ लोकसेवक एवं उम्मीदवार तथा उनके निर्वाचन और गणना अभिकर्ता शामिल रहेंगे। मतगणना केन्द्र परिसर में तीन स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गयी है। मतगणना एजेंटों, मतगणना में तैनात अधिकारियों, कर्मचारियों तथा पत्रकारों को निर्धारित स्थल से ही मतगणना केन्द्र परिसर में प्रवेश दिया जायेगा।

कलेक्टर ने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये निर्देशो के अनुसार निर्वाचन के संबंध में कर्तव्यरूढ़ लोकसेवक के अंतर्गत सामान्य रूप से पुलिस अधिकारी नहीं आते हैं, ऐसे अधिकारियों को चाहे वे वर्दी में हों, या सादी वर्दी में, सामान्य नियमानुसार काउंटिंग हॉल के अंदर आने की अनुमति नहीं दी जायेगी जब तक कि उन्हें कानून और व्यवस्था बनाए रखने या किसी भी प्रकार के अन्य प्रयोजन से अंदर बुलाने का निर्णय न लिया जाए। किसी भी परिस्थिति में गणना के स्थान में अनाधिकृत व्यक्ति को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाए। केवल वैध प्रवेश पत्रधारी व्यक्ति ही मतगणना स्थल में प्रवेश कर सकेंगे।

### बाल भिक्षावृत्ति की रोकथाम हेतु जागरूकता संबंधी बैठक आज

**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में बाल भिक्षावृत्ति की रोकथाम के उद्देश्य से संचालित किए जाने वाले जागरूकता अभियान के संबंध में बैठक 24 अप्रैल को कलेक्ट्रेट में दोपहर 12.30 बजे से आयोजित की गई है।

### मतगणना कर्मियों का द्वितीय चक्र का प्रशिक्षण 3 जून को

**रीवा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए मतगणना कार्य में संलग्न मतगणना कर्मियों का द्वितीय चक्र का प्रशिक्षण 3 जून को टीआरएस कालेज रीवा में प्रात: 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक दिया जाएगा। प्रशिक्षण में पोस्टल बैलेट की गणना का भी प्रशिक्षण संबंधितों को दिया जाएगा।

### मतगणना के लिए मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण आज

**रीवा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए मतगणना हेतु मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण 24 मई को प्रात: 11 बजे से कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में दिया जाएगा।

## प्रेक्षकों के सहयोग हेतु लाइजनिंग आफीसर नियुक्त

**रीवा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में रीवा संसदीय क्षेत्र के लिए मतगणना 4 जून को शासकीय इंजीनियरिंग कालेज रीवा में की जाएगी। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतगणना कार्य संपन्न कराने हेतु विधान सभावार प्रेक्षक नियुक्त कर दिए गए हैं।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने प्रेक्षकों के सहयोग के लिए लाइजनिंग आफीसर नियुक्त किए हैं। प्रेक्षक संजीव कुमार के सहयोग के लिए कार्यपालन यंत्री वसीम खान तथा एसडीओ संजीव कालरा को, प्रेक्षक राजकुमार कटोच के सहयोग के लिए कार्यपालन यंत्री अनुज प्रताप सिंह को, प्रेक्षक निशांत ठाकुर के सहयोग के लिए महाप्रबंधक एमपी आरडीसी उमेश कुमार सिंह को तथा प्रेक्षक जेएम तुवर के सहयोग के लिए कार्यपालन यंत्री डीके कनेल को लाइजनिंग आफीसर नियुक्त किया गया है।

### मतगणना के लिए मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण 24 मई को

**रीवा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए मतगणना हेतु मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण 24 मई को प्रात: 11 बजे से कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में दिया जाएगा।

### ईटीपीबीएस एवं इनकोर का प्रशिक्षण 27 मई को

**रीवा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए मतगणना हेतु ईटीपीबीएस एवं इनकोर का प्रशिक्षण टीआरएस महाविद्यालय के दो कक्षों में 27 मई को संपन्न होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने संबंधितों को प्रशिक्षण में उपस्थिति के निर्देश दिए हैं।

## नगर निगम द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत वार्ड में सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाले सफाई मित्रो को किया गया सम्मानित



**रीवा।** निगमायुक्त संस्कृति जैन के निर्देशानुसार दिनांक 23/05/24 को स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत वॉर्डो में सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाले सफाई मित्रो को सम्मानित किया गया। इन सफाई मित्रो ने अपने कठिन परिश्रम और समर्पण भावना से वॉर्ड की सफाई में बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभाई इन्होंने हमेशा वॉर्ड के हर कोने को स्वच्छ और सुन्दर बनाए रखने के लिए प्रयास किया है और समाज के लिए महत्वपूर्ण सेवाएं प्रदान की है हमारा रीवा शहर स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में 3 स्टार रैंकिंग प्राप्त करने में सफाई मित्रो का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। सम्मान समारोह के मौके पर नगर निगम के उपयंत्री शुभम तिवारी द्वारा बताया गया कि हमारे शहर को स्वच्छ और साफ रखने में हमारे सभी सफाई मित्रो का भरपूर सहयोग रहता है हम आज 3 स्टार के पायदान पर इनकी कड़ी मेहनत और लगन के कारण पहुंचे हैं और सफाई मित्रो की कड़ी मेहनत और लगन से हम स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में हम अपने शहर को प्रथम स्थान अर्जित कराने में अवश्य सफल होंगे, सम्मान समारोह में उपयंत्री एवं स्वच्छता इंस्पेक्टर द्वारा सफाई मित्रो को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में नगर निगम के उपयंत्री शुभम तिवारी, स्वच्छता स्पेक्टर धीरज पांडेय, वॉर्ड दरोगा, आईईसी हेड, एमआईएस हेड के साथ सभी सफाई मित्र उपस्थित रहे।

### नगर निगम द्वारा वर्षा ऋतु को देखते हुये नाला एवं नालियों की साफ-सफाई कराई गई

**रीवा।** निगमायुक्त संस्कृति जैन के निर्देशानुसार नगर पालिक निगम क्षेत्रांतर्गत आगामी वर्षा ऋतु को देखते हुये नाला एवं नालियों की साफ-सफाई का कार्य निरंतर कराया जा रहा है। नाला गैंग द्वारा वार्ड 13 नेहरू नगर में शिवेंद्र सिंह पूर्व महापौर के घर के पास का बड़ा नाला साफ कराया गया। वार्ड क्र. 20 सब्जी मंडी की सफाई कराई गई। वार्ड क्र. 01 निपानिया कब्रिस्तान के बगल का बड़ा नाला साफ कराया गया एवं कचरे का उठाव कराया गया। साथ ही समान नाका से लेकर होटल लैंडमार्क होते हुए जेएनसिटी चौराहा तक सड़क के दोनों तरफ डिवाइडर एवं पटरी की सफाई के साथ ही कचरे का उठाव टेक्क्टर एवं टैम्पो से कराया गया। नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी श्री बालगोविन्द चतुर्वेदी एवं श्री मुरारी कुमार द्वारा शहर में भ्रमण कर सफाई कार्य एवं कचरा उठाव कार्य का निरीक्षण लगातार किया जा रहा है।

## निर्माणाधीन सड़कों के कार्य अभियान चलाकर 15 जून तक पूरे कराएं

**रीवा।** कलेक्टर प्रतिभा पाल ने कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में निर्माण कार्यों की विभागवार समीक्षा की। इस अवसर पर उन्होंने निर्देश दिए कि निर्माणाधीन सड़कों के कार्य अभियान चलाकर 15 जून तक पूरे कराएं तथा जिन कार्यों में भू अर्जन या अतिक्रमण के कारण व्यवधान आ रहा हो वहाँ राजस्व विभाग के अधिकारियों से समन्वय बनाकर अवरोधों को दूर करते हुए तत्काल कार्य प्रारंभ कराएं।

कलेक्टर ने लोकनिर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वर्षाकाल से पहले डूबने वाले पुल-पुलियों की पहचान कर चेतावनी के बोर्ड लगवाएं तथा निर्माण कार्यों को इस स्तर तक पूर्ण करें ताकि वर्षा के कारण व्यवधान न आने पाए। उन्होंने कहा कि अनुबंध की समय सीमा में कार्य को पूर्ण कराने के लिए कार्यपालन यंत्री अपने स्तर पर संबंधित निर्माण एजेंसी व अधीनस्थ अधिकारियों की समीक्षा करें। कलेक्टर ने समीक्षा के दौरान तिलखन से खड़हन टोला सड़क के चौड़ीकरण कार्य के लिए किसानों द्वारा भूमि उपलब्ध न कराने पर निर्देशित किया कि यदि एक सप्ताह में भूमि न प्राप्त हो तो उक्त कार्य को बंद कर दिया जाए। कलेक्टर ने शहर में पचमठा पहुंच मार्ग के कार्य को 15 जून तक पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने करहिया मण्डी के सामने अवरूद्ध कार्य को तत्काल प्रारंभ कराने के निर्देश एमपीआरडीसी के अधिकारी को दिए। बैठक में बताया गया कि लोक निर्माण विभाग द्वारा जिले में 85 कार्य स्वीकृत हैं जिन्हें पूर्ण कराया जा रहा है। इस दौरान कार्यपालन यंत्री पीडब्ल्यूडी मनोज द्विवेदी, कार्यपालन यंत्री राष्ट्रीय राजमार्ग शंकरलाल, कार्यपालन यंत्री एमपीआरडीसी उमेश सिंह सहित सेतु निर्माण विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

### प्रो0 उमा परौहा टेबल टेनिस स्पर्धा 24 मई से



**रीवा।** प्रो0 उमा परौहा स्मृति संभागीय टेबल टेनिस स्पर्धा का उद्घाटन टी.आर.एस. कालेज की प्राचार्या डॉ0 अर्पिता अवस्थी द्वारा टी.आर.एस. कालेज के खेल हाल मे सायं 04:00 बजे किया जायेगा। सचिव डॉ0 विनोद तिवारी एवं संयुक्त सचिव असद खान ने जानकारी देते हुए बताया कि यह स्पर्धा 24, 25 एवं 26 मई 2024 तक खेली जायेगी। यह स्पर्धा विगत 26 वर्षो से निरन्तर खेली जा रही है। इस वर्ष आयोजन का 27वां वर्ष होगा। इस स्पर्धा में रीवा, सतना, सीधी, पन्ना एवं अन्य कई जगहो के महिला, पुरूष, बालक एवं बालिकाए भाग लेगे। स्पर्धा में 10 प्रकार के ईवेन्ट रखे गये है। जिसमें वेटरन्स, एकल टीम ईवेन्ट, पुरूष-महिला एकल युगल, बालक-बालिका एवं कैडेट वर्ग की प्रतियोगिताऐं खेली जायेगी।

## एनएसयूआई ने किया मध्य प्रदेश सीबीआई का पुतला दहन




**रीवा।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन रीवा के जिला अध्यक्ष पंकज उपाध्याय जी के निर्देशानुसार संगठन मंत्री शिवम मिश्रा के नेतृत्व में मध्यप्रदेश मे हुए नर्सिंग घोटाले की जांच कर रही एजेंसी मध्यप्रदेश सीबीआई का पुतला दहन किया गया जो लगातार संदेह के घेरे में है, उसके अधिकारी एक के बाद एक रिश्वत लेते गिरफ्तार हो रहे हैं जारी प्रेस विज्ञप्ति में शिवम मिश्रा ने बताया की पूरे मध्य प्रदेश में ब्लैकलिस्टेड किए गए नर्सिंग कॉलेज जिन्हें मध्यप्रदेश सीबीआई के इन्ही भ्रस्ट अधिकारियों की सह पर क्लीन चिट दे दी गई है उनकी पुन: जांच दिल्ली सीबीआई द्वारा करवाई जाए क्योंकि यह सभी अधिकारी जो जांच के दौरान रिश्वत लेते पकड़े गए हैं इन्हीं के द्वारा ही ब्लैकलिस्टेड कॉलेज को क्लीन चिट देने मे मदद की गई थी इसलिए संपूर्ण मध्य प्रदेश के सभी नर्सिंग कॉलेज जो ब्लैकलिस्ट किये गए थे उनकी पुन: एक बार दिल्ली सीबीआई द्वारा जांच कराई जाए इस दौरान जिला उपाध्यक्ष सत्यम मिश्रा मानवेंद्र सिंह गहरवार, अभिराज बौद्ध, संगठन मंत्री शशिमोल तिवारी, ब्लॉक अध्यक्ष संस्कार त्रिपाठी, छात्र नेता शुभम कुशवाहा विश्वविद्यालय अध्यक्ष देवेश शुक्ला, जिला महासचिव निकिता शर्मा, वैशाली मिश्रा टीआरएस महाविद्यालय अध्यक्ष वैष्णवी सिंह, छात्र नेत्री शैलजा मिश्रा आदि छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### जिले में अब तक समर्थन मूल्य पर हुई 1046565 क्विंटल गेंहू की खरीद

**रीवा।** जिले में निर्धारित खरीदी केन्द्रों में एक अप्रैल से सहकारी समितियों द्वारा समर्थन मूल्य पर गेंहू की खरीद की जा रही है। इस संबंध में प्रभारी जिला आपूर्ति नियंत्रक ने बताया कि जिले में 23 मई तक 22772 किसानों से 1046565 क्विंटल गेंहू की खरीद अब तक की गयी है। इसके लिए किसानों को 251 करोड़ 17 लाख 57 हजार की राशि मंजूर की गयी है। उपार्जित गेंहू का सुरक्षित भण्डारण कराया जा रहा है। अब तक खरीदे गये गेंहू में से 958956 क्विंटल गेंहू का परिवहन किया जा चुका है। अब तक किसानों के बैंक खाते में 179 करोड़ 41 लाख 17 हजार 325 रूपये की राशि का भुगतान किया जा चुका है। गेंहू खरीदी के लिए अब तक 26772 किसानों ने स्लॉट बुक किये हैं।

## 12 से 19 साल तक के क्रिकेट खिलाड़ियों का रीवा में होगा चयन, 27 मई से ट्रायल शुरू



**रीवा।** संभाग के विभिन्न जिलो एवं दूरस्थ कस्बों में छिपी हुई क्रिकेट प्रतिभा को सामने लाने के उद्देश्य से रीवा डिवीजनल क्रिकेट एसोसिएशन के द्वारा 27 मई से रीवा के अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय स्टेडियम में प्रात: 7 बजे से क्रिकेट प्रतिभा खोज चयन ट्रायल आयोजित किये जा रहे हैं। जिसमें 12 से 19 वर्ष की आयु के बीच के खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। आरडीसीए के द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार बालेबाजों, स्पिन गेंदबाजों एवं मध्यम तेज गेंदबाजों के लिये अलग-अलग दिनों में ट्रायल आयोजित किया जावेगा। जिसके अनुसार 27 मई को सुबह 7 से 11 बजे तक व उसके बाद सायं 3 से 6 बजे तक 12 से 15 वर्ष की आयु के बालेबाज खिलाड़ियों का चयन किया जावेगा। अगले दिन 26 मई को सुबह 7 से 11 बजे तक व उसके बाद सायं 3 से 6 बजे तक 16 से 19 वर्ष की आयु के बल्लेबाज खिलाड़ियों का चयन किया जावेगा मई को सुबह 7 से 11 बजे तक 12 से 15 वर्ष की आयु के बीच के स्पिन गेंदबाज व उसके बाद सायं 3 से 6 बजे तक 16 से 19 वर्ष की आयु के बीच के स्पिन गेंदबाजों का का चयन ट्रायल आयोजित होगा। अंतिम दिन 30 मई को सुबह 7 से 11 बजे तक 12 से 15 वर्ष की आयु के बीच के मध्यम तेज गेंदबाज व उसके बाद सायं 3 से 6 बजे तक 16 से 19 वर्ष की आयु के बीच के मध्यम तेज गेंदबाजों का का चयन ट्रायल आयोजित होगा। यह ट्रायल रीवा शुल्क डिवीजन के पूर्व विशेषज्ञ खिलाड़ियों के मार्गदर्शन व संचालन में आयोजित होगा।

रीवा डिवीजनल क्रिकेट एसोसिएशन के फार्म जारी किया गया है। जिसे मोबाइल द्वारा इस ट्रायल में भाग लेने हेतु एक नंबर 9589687058 पर अथवा एसोसिएशन के स्टेडियम स्थित कार्यालय में संपर्क कर प्राप्त किया जा सकता है तथा भाग लेने के इच्छुक प्रतिभागी उक्त फार्म को भरकर 25 मई तक एसोसिएशन के कार्यालय अथवा दिये गये मोबाइल नंबर पर व्हाटसएप कर भेज सकते हैं। आरडीसीए के द्वारा रीवा संभाग के सभी उदयीमान खिलाड़ियों से अनुरोध किया गया है कि वो 27 मई से विश्वविद्यालय स्टेडियम में आयोजित होने वाले उक्तानुसार ट्रायल में शामिल होकर उसका लाभ उठायें।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : **MP/SDL/DN/-30/2015-17,** दूरभाष : 09424315633,7389444833